हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

# मध्यप्रदेश से अवैध शराब की तस्करी, दो वाहन में 24 पेटी जब्त

## नाकेबंदी कर पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, तार भिलाई से जुड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दो चार पहिया वाहन में अवैध रूप से ग्रामीण मार्ग से शराब की तस्करी की जा रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने नाकेबंदी कर वाहनों को पकड़ा। जिसमें कुल 24 पेटी मप्र निर्मित शराब बरामद की गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि स्कार्पियों वाहन में भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब का परिवहन मोहारा डोंगरगढ़ की ओर से ग्राम मकरनपुर होते हुए दुर्ग-भिलाई के लिए निकल रहा है। इसकी सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस चौकी सुकुलदैहान एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्राम मकरनपुर से पेंड्री जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी किया गया। कुछ देर बाद पेंड्री की ओर से 2 चार पहिया वाहन आते दिखाई दिया। दोनों वाहनों को पुलिस ने जब रोका, तब दोनों वाहनों के चालक अपने-अपने गाड़ी को छोड़कर भागने लगे, जिसे सायबर सेल एवं सुकुलदैहान पुलिस स्टाफ द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया।

### दो वाहनों में भारी मात्रा में शराब

वाहन महिन्द्रा एसयूव्ही 300 चालक से पूछने पर अपना नाम अनिल कुमार वर्मा 57 वर्ष निवासी कबीर कुटिर के सामने कवर्धा रोड़ बताया तथा पीछे से आ रहे स्कार्पियो वाहन के चालक से पूछने पर अपना नाम रमाशंकर सिंह 54 साल निवासी सुपेला मार्केट भिलाई का रहने वाला बताया। पुलिस ने मौके पर विधिवत गवाहों के समक्ष तलाशी लिया। वाहन क्रमांक महिन्द्रा एसयूव्ही 300 में 4 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कुल 200 पौवा कीमती 23,000 रुपए, 3 पेटी मेक्डावल नंबर-1 अंग्रेजी शराब 36 बाटल कीमती 35,460 रुपए,

⏩ शेष पेज 14 पर



### वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं

दोनों वाहनों में कुल 24 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब कीमती 220,120 रुपए एवं दोनों वाहन कीमती 13,50,000 रुपए कुल जुमला 15,70,120 रुपए बरामद किया गया। अवैध शराब के संबंध में दोनों वाहनों को पृथक-पृथक धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस जारी कर जानकारी लिया गया। संदेहियों द्वारा उपरोक्त अवैध शराब परिवहन करने के संबंध मे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर मौके पर विधिवत अवैध शराब तथा घटना में प्रयुक्त दोनों चार पहिया वाहन को जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध पुलिस चौकी सुकुलदैहान ने कार्रवाई की है।

## खबर संक्षेप

### जितेन्द्र वर्मा होंगे डोंगरगढ़ थाना प्रभारी

- दर्जनभर से अधिक निरीक्षक हुए इधर से उधर

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने एक आदेश जारी कर 15 निरीक्षक एवं 8 उपनिरीक्षक एवं 2 सहायक उपनिरीक्षक का स्थानांतरण किया है।

पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग द्वारा जारी आदेश के तहत निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा प्रभारी सायबर सेल से थाना डोंगरगढ़, विनय कुमार पम्मार घुमका से सायबर सेल, बसंत बघेल रक्षित केन्द्र से घुमका, रामेन्द्र कुमार सिंह रक्षित केन्द्र सोमनी, नवरतन कश्यप यातायात शहरी से लालबाग, राकेश कुमार मन्नाडे अजाक से सुकुलदैहान पुलिस चौकी, नंदकिशोर गौतम लालबाग से प्रभारी चुनाव सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सीआर चन्द्रा डोंगरगढ़ से पुलिस चौकी सुरगी, कृष्णालाल पाटले सोमनी से अजाक, ढालसिंह साहू रक्षित केन्द्र से पुलिस चौकी मोहारा, विजय मिश्रा रक्षित केन्द्र से बागनदी, कौशलेश देवांगन सुरगी से रक्षित केन्द्र, मनीष धुर्वे बागनदी से पुलिस कंट्रोल रूम, डायल 112, विपिन किशोर कुजुर पुलिस कन्ट्रोल रूम डायल 112 से रक्षित केन्द्र, उमेश बघेल चौकी चिचोला से रक्षित केन्द्र, उपनिरीक्षक भूषण चन्द्राकर सुकुलदैहान से चिचोला, प्रमोद श्रीवास्तव चौकी मोहारा से बसंतपुर, राकेश कुमार पटेल बसंतपुर से बागनदी, विरेन्द्र सिंह क्षत्रीय कोतवाली

⏩ शेष पेज 14 पर

### नियमित कर्मचारियों के भरोसे शहर के 51 वार्डों की सफाई का जिम्मा

# ठेके निरस्त, फील्ड से हटे 304 अनियमित कर्मचारी, शहर की सफाई व्यवस्था चौपट!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में सफाई की स्थिति एक बार फिर बदहाल हो गई है। निगम द्वारा किए गए सफाई ठेके के टेंडर को एमआईसी द्वारा निरस्त किए जाने के चलते मंगलवार को भी शहर के दो दर्जन वार्डों में सफाई ठप रही। ठेके के तहत फील्ड पर सफाई का जिम्मा संभाल रहे तीन सौ कर्मचारियों के हटने से नियमित सफाई कर्मियों पर बोझ बढ़ गया है। गिनती के कर्मचारियों के भरोसे सभी वार्ड में सफाई व्यवस्था सुचारु रुप से नहीं संचालित हो पा रही है। ऐसी स्थिति रही तो बहुत जल्द शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर देखने को मिल सकते है।

उल्लेखनीय है कि शहर के 51 में से 27 वार्डों में सफाई का जिम्मा ठेके पर दिया जाता है। पिछली बार किए गए सफाई ठेके की अवधि जून महीने में समाप्त हो चुकी है, ऐसे में नए टेंडर के अनुसार जुलाई से फिर काम शुरू होना था। परन्तु सफाई ठेके के टेंडर को लेकर की गई प्रक्रिया सवालो के घेरे में आ गई थी। महापौर हेमा देशमुख सहित एमआईसी सदस्यों ने इस प्रक्रिया को नियम अनुसार गलत बताते हुए हाल ही में हुई एमआईसी की बैठक में निरस्त कर दिया है। ऐसे में अब जुलाई महिने से ठेके वाले वार्डों में सफाई नहीं हो पा रही है। इन वार्डों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगम के अफसर अपनी कवायद कर रहे है।







### नियमित कर्मचारियों को बांटा

अब तक शहर के 27 वार्डों में सफाई का जिम्मा ठेके के कर्मचारी संभाल रहे थे, वहीं शेष 24 वार्ड में सफाई नियमित कर्मचारियों द्वारा कराई जाती थी। लेकिन ठेका निरस्त होने के बाद अब सभी वार्डों में सफाई कराना निगम के लिए भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में जिन वार्डों में नियमित कर्मचारी है वहां से 2-3 कर्मचारियों को ठेके वाले वार्डों में भेजा जा रहा है। हालांकि इसके बावजूद इतने बड़े शहर को पौने तीन सौ नियमित कर्मचारियों द्वारा साफ रख पाना असंभव हो रहा है।

### भाजपा कांग्रेस पार्षदों के बीच डील?

ज्ञात हो निगम द्वारा सफाई ठेका महिला समूहों को ही दिया जाता है, लेकिन इन महिला समूहों की आड़ में निगम के जनप्रतिनिधि ही इसका संचालन करते है। इस बार भी दोनों दलों के नेताओं के बीच आपसी खींचतान के चलते ठेके को लेकर बात नहीं बन पाई और इसको निरस्त कर दिया गया। हालांकि सूत्रों के अनुसार अब फिर से दोनों दल के कुछ नेता इसका हल निकालने में जुट गए है। बताया गया कि दोनो दल के कुछ शीर्ष नेताओं द्वारा एक निजी होटल में सोमवार की देर शाम एक बैठक की गई। जिसमें उन्होंने 27 में से 13 वार्ड का ठेका संचालन कांग्रेसी पार्षद और 14 वार्ड का ठेका भाजपा पार्षदों को देने के फॉर्मूले पर सहमति बनाई है।

### तीन विकल्प तैयार, जल्द होगा फैसला

एमआईसी द्वारा सफाई ठेके के टेंडर को निरस्त किए जाने के बाद अब नई प्रक्रिया को लेकर तैयारियां शुरु कर दी गई है। सुत्रों की माने तो मूलभुत सुविधा होने के चलते निगम के अफसर अब इस हालत से जल्द निपटने के लिए तीन विकल्पों पर काम कर रहे है। नया टेंडर कराने के साथ ही निरस्त हुए टेंडर को लेकर भी विकल्प तलाशे जा रहे है। बताया गया कि जल्द ही निगम प्रशासन द्वारा सफाई ठेके को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

# बांध के पास सजा था जुआ का फड़, पुलिस की दबिश, 3 पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बांध के पास एकत्र होकर कुछ लोग जुआ का फड़ सजाकर रुपए-पैसे में जीत-हार का खेल खेल रहे थे। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और तीन आरोपियों को पकड़ा। जिनसे ताशपत्ती सहित नगदी रकम बरामद की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक जुलाई को थाना छुरिया पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि कुछ जुआरी कल्लूबंजारी मासूल बांध के पास रुपए-पैसे का दांव लगाकर 52 पत्ती से जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने मुखबीर के बताए स्थान पर रेड किया गया, जहां 3 लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया।

### बीस हजार पांच सौ रुपए जब्त

पुलिस ने आरोपी चंद्रकुमार अंबादे 35 साल कल्लूबंजारी, रमन कंवर 39 साल कल्लूबंजारी एवं कौशल कुमार लाउत्रे 27 साल कल्लूबंजारी थाना छुरिया के कब्जे से 52 पत्ती ताश व नगदी रकम 20500 रुपए जब्त किया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, सहायक उपनिरीक्षक एसएल कंवर सहित स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# मंडल स्तर पर मांगे नाम, स्कूलों में शीघ्र होगा जनभागीदारी समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव के निपटते ही जमीनी स्तर के नेताओं को सरकारी स्कूलों की जनभागीदारी समिति में मनोनीत करने की तैयारियां शुरू हो गई है। जिला भाजपा ने जिले के मंडलों से जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष के लिए नाम प्रस्तावित कर मांगे हैं। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में स्कूलों में समिति का गठन कर लिया जाएगा।

राज्य में भाजपा सरकार के काबिज होने के बाद संगठन के नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने की कवायद शुरू कर दी गई है। प्रदेश स्तर पर निगम मंडलों में ताजपोशी को लेकर दावेदारों में जहां होड़ मची है। वहीं जिला स्तर पर भी कई समितियों में काबिज होने के लिए भाजपा नेता अपने-अपने स्तर पर लाबिंग कर रहे हैं। इस बीच राज्य शासन ने सरकारी स्कूल और कॉलेजों में जनभागीदारी समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जाता है कि प्रदेश भाजपा ने जिला संगठन से स्कूल और कॉलेजों में गठित होने वाली जनभागीदारी समिति के लिए नाम मांगे हैं।

### प्रभारी मंत्री करेंगे अनुमोदन

जिले के सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में जनभागीदारी समिति का गठन प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के अनुमोदन से किया जाएगा। ऐसी चर्चा है कि एक-दो दिनों के भीतर भाजपा संगठन द्वारा प्रस्तावित सूची को प्रभारी मंत्री को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद सूची जारी होगी।

जिला भाजपा ने भी सभी मंडलों को पत्र लिखकर दो दिनों के भीतर नाम प्रस्तावित करने कहा है। बताया जाता है कि मंडल स्तर पर सभी स्कूलों के लिए बूथ स्तर पर काम करने वाले नेताओं के नाम प्रस्तावित किए जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि संगठन में सालों से काम कर रहे नेताओं को तवज्जो दी जा रही है। इधर राज्य के सबसे बड़े दिग्विजय कॉलेज जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष बनने के लिए युवा नेताओं द्वारा लाबिंग की जा रही है। शहर के कमला कॉलेज, साइंस कॉलेज आदि के अध्यक्ष और सदस्यों के लिए भी भाजपा में मंथन का दौर शुरू हो गया है।

# एनएसयूआई ने किया सीएम डिप्टी सीएम का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बस्तर से रायपुर पढ़ने आए आदिवासी छात्र की हत्या के मामले को लेकर राजनांदगांव शहर में एनएसयूआई द्वारा मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया।



असामाजिक तत्वों द्वारा राजधानी रायपुर में लिफ्ट मांगने सड़क पर खड़े आदिवासी छात्र के साथ मारपीट करते हुए उसकी हत्या के मामले को लेकर प्रदेश में बढ़ते अपराध का हवाला देते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा का एनएसयूआई के छात्रों ने पुतला दहन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाते कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। पुतला दहन को लेकर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अमर झा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। छात्रों की हत्या हो रही है और प्रदेश सरकार अपराधों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।

### मूकदर्शक बनी रही पुलिस

शहर के दिग्विजय कॉलेज के सामने एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कानून व्यवस्था के लिए उपस्थित बसंतपुर पुलिस की मौजूदगी में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर दिया और पुलिस मूकदर्शक बनकर देखते रही। पुतला जलने के बाद पुलिस ने पानी डालकर आग बुझाई।

# चार गांव को जोड़ने वाली सड़क जर्जर, ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों ने सड़क के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर कलेक्टर से गुहार लगाई है। लगभग चार गांव को जोड़ने वाली सड़क का दशकों से पुनर्निर्माण नहीं हो पाया है। जिसके चलते सड़क काफी जर्जर हो गई है और लोग गिरकर घायल हो रहे हैं।

लगभग चार गांव के ग्रामीणों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर जर्जर सड़क से निजात देने की मांग राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल के नाम ज्ञापन सौंपकर की है। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराया है कि लगभग 10 वर्षों से कोपेडीह, अलीखुंटा, आरगांव व बोदेला पहुंच मार्ग की इस सड़क का पुनर्निर्माण नहीं हुआ है। जिसके चलते सड़क काफी जर्जर हो गई है।



### आंदोलन की चेतावनी

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों का कहना है कि कई बार मांग के बाद भी पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। जनपद क्षेत्र डोंगरगांव अंतर्गत आने वाली इस सड़क का बारिश के दिनों में बुरा हाल होता है। बारिश का पानी गड्ढों में भर जाने की वजह से गड्ढे नजर नहीं आते हैं और लोग इसमें गिरकर घायल हो जाते हैं। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत जल्द नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### ग्रामीणों ने बताई पीड़ा

कोपेडीह की गीताबाई यादव और सरपंच बीनाधर वर्मा का कहना है कि इस जर्जर सड़क की वजह से आम लोगों के साथ ही स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार लोग इस सड़क से गिरकर घायल हो जाते हैं। उन्होंने कलेक्टर से सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत और पुनर्निर्माण को लेकर गुहार लगाई है।

**राजनांदगांव।** ममता नगर रेलवे अंडरब्रिज में आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होने से आम लोगों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### मॉय एंगल



### डोंगरगढ़ का तापमान प्रदेश में सर्वाधिक, जिले में 169 मिमी बारिश

# अगले 72 घंटे बारिश के आसार कम, तापमान लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जून महीने में कोटे से पीछे चलने वाले मानसून के आंकड़े में अब सुधार होने लगे है। पिछले तीन दिनों में 30 मिमी से अधिक बारिश दर्ज किए जाने के चलते अब कुल बारिश का कोटा कुछ सुधरा है। हालांकि इस बीच फिर से अगले तीन दिनों तक अंचल में बारिश की गतिविधियों में कमी आने के आसार है।

मौसम विभाग के अनुसार मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में इन तीन दिनो में बारिश का दौर कम रहने वाला है। इधर मानसून का असर दिन और रात के तापमान में भी दिखाई दे रहा है। अंचल का अधिकतम पारा लुढ़क कर 31 डिग्री पर आ गया है, वहीं न्यूनतम तापमान भी 23 डिग्री तक आ गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश से असम तक 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार के ऊपर 3.1 किमी से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में कल तीन जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने, वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की सम्भावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र सरगुजा संभाग के जिले तथा उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिले संभावित है।



### संभाग में इतनी बारिश

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग संभाग में बारिश के मामले में सबसे आगे बालोद जिला चल रहा है। यहां सर्वाधिक और कवर्धा जिले में सबसे कम बारिश दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार कवर्धा जिले में 153.7 मिमी, राजनांदगांव में 169.1 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 201.1 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 125.2 मिमी, बालोद में 217.6 मिमी, बेमेतरा में 179.5 मिमी एवं दुर्ग में 161.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

### प्रदेश में सबसे गर्म डोंगरगढ़

गर्मी के दिनो में प्रदेश के बाकी शहरों से गर्म रहने वाला डोंगरगढ़ फिर एक बार अधिकतम तापमान के मामले में आगे आ गया है। मंगलवार को जिले का औसत अधिकतम पारा 31 डिग्री पर रहा, लेकिन डोंगरगढ़ शहर का अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री दर्ज किया गया जो कि प्रदेश में सर्वाधिक रहा। दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर, बस्तर के साथ जगदलपुर जैसे शहर भी नांदगांव से कम गर्म रहे है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरो सर्जन

डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
- ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
- हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना)
- गर्दन या कमर दर्द
- डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
- ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
- ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
- ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
- विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### आईटीबीपी अस्पताल में महिला का इलाज

**मानपुर।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने बाइक दुर्घटना में घायल एक महिला का आपात इलाज़ किया। सीतागांव निवासी 42 वर्षीय चम्पा बाइक दुर्घटना में घायल हो गई, जिसे आईटीबीपी के सीतागाँव हॉस्पिटल में लाया गया। घायल महिला के बाएँ पैर में गहरे ज़ख़्म थे। हास्पिटल में भर्ती कर उसका इलाज़ शुरू किया गया। टाँके लगाने के साथ दर्द, टेटनस और जल्द घाव भरने के लिए इंजेक्शन लगाए गए। महिला की स्थिति स्थिर होने पर उसे एम्बुलेंस से घर रवाना किया गया।

### जन्मदिन पर स्कूल में न्योता भोज



**डोंगरगांव।** माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला सांगिनकछार में पुरुषोत्तम यादव ने अपनी बेटी हरिका यादव के जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। व्यवस्थापक घनाराम पटेल के मार्गदर्शन में मध्यान्हन भोजन में मीनू में खीर, पुरी, टमाटर चटनी, सलाद शामिल कर बच्चों को परोसा गया। इस आयोजन में लोमस नेवला, सागर वर्मा, बिरेंद्र चंद्रवंशी, जितेन्द्र सिन्हा, केकती साहू, पद्मिनी साहू, लता भारती, दनेश्वरीबाई, लक्ष्मीबाई, मनीष वर्मा, फुल बाई कंवर आदि शामिल हुई।

### डीईओ ने लिया स्कूलों का जायजा



**साल्हेवारा।** जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरके डड़सेना ने गत दिनों बकरकट्टा स्कूल का अवलोकन किया। संकुल समन्वयकों की बैठक लेकर मध्यान्ह भोजन योजना, गणवेश- पुस्तक वितरण आदि की समीक्षा की। शालाओं की दर्ज संख्या तथा शिक्षकों की संख्या की जानकारी ली। विभिन्न शालाओं में चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। बैठक में संकुल समन्वयक गातापार, छुईखदान 4, बकरकट्टा, कुम्हरवाड़ा, कोपरो, रामपुर, साल्हेवारा, नचनिया, आमगांव,सरईपतेरा शामिल हुए।

### 13 सौ कीमत वाली डीएपी खाद बाजार में बिक रही 16 सौ में

# बारिश के इंतजार में धान सहित अन्य फसलों की बोनी अटकी

## अंचल के किसानों में बढ़ रही बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

आषाढ़ माह के पहले सप्ताह में अपेक्षित बारिश नही होने से खरीफ फसलों की बोआई थमने लगी है। करीब पखवाड़े भर पहले बारिश होने के बाद खेतों में नमी आ गई थी। किसानों ने धान, सोयाबीन, अरहर आदि फसल की बोआई करना शुरू कर दिया था। सप्ताह भर से बारिश नही होने से खेतों की नमी चली गयी है जिससे बोआई का काम रूक गया है। जिन खेतों में बोआई हो चुकी थी वहां अंकुरण नही होने या कम होने की समस्या खड़ी हो गई है। क्षेत्र में बीते चार दिनों से बादल छाए है पर बारिश नहीं हो रही है। साधन संपन्न किसान बोर के माध्यम से तैयार हो चुके पौधों को जैसे तैसे रोपण कर रहें हैं पर यहां भी बढ़वार रुकने तथा पौधों में पीलापन की शिकायत देखा जा रहा है। किसानों ने बताया कि धान के बेहतर उत्पादन के लिए महंगे में धान का बीज खरीद कर लाए थे जिसमें बीज के बराबर धान का छिलका निकल रहा है।



**बोर भी देने लगे जवाब**

जानकारी के अनुसार बीते दस दिनों से बारिश नही होने तथा लगातार बोर चलने से क्षेत्र के अधिकांश बोर जवाब देने लगे हैं। किसानों ने बताया कि बोर से पर्याप्त जल नहीं निकल रहा है। कुछ बोर बंद हो गए।

**खाद की किल्लत**

फसल बोआई के शुरूवात में ही किसानों को डीएपी खाद की कमी से जूझना पड़ रहा है। पैलीमेटा, बुंदेली तथा सडी सोसायटी में डीएपी खाद का स्टाक खत्म हो गया है। बताया गया कि यहां खाद डिमांड की अपेक्षा आधे से भी कम उपलब्ध कराया गया था जिससे किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पाई। कुछ किसान को डीएपी खाद नहीं मिली है। किसानों को लगभग तीन सौ रुपए अतरिक्त देकर बाजार से खाद खरीदना पड़ रहा है। कुछ सोसायटी किसानों को एक या दो बोरी डीएपी खाद देकर संतुष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। बाजार में 1350 रूपए कीमत वाली डीएपी खाद को 16 सौ में बेचने की जानकारी मिली है।

# 67 लाख का धान गायब समिति प्रबंधक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

■ 2154 क्विंटल धान हुआ था गायब

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले के 27 उपार्जन केन्द्रों में 2171884 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। खरीदे गए धान में से 2153734 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। जिले के दूरस्थ क्षेत्र औंधी समिति के प्रबंधक नंदलाल महाडोरे ने 85402 क्विटल धान की खरीदी किया था। उन्होंने 83247 क्विंटल का परिवहन कराया था। परिवहन के बाद समिति में 2154 क्विंटल धान शेष होना था परन्तु जांच करने पर धान नही पाया गया। समिति में 2154 क्विंटल धान जिसकी किमत 6679291 रूपए के गायब होने के कारण प्राथमिक शाख सहकारी सोसायटी कर्मचारी सेवा नियम 2018 के तहत औंधी समिति के प्रबंधक नंदलाल महाडोरे को निलंबित किया गया। धान गबन की पुष्टि होने पर एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

## बंदियों को दी नए कानून की जानकारी

**डोंगरगढ़।** तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनीष दुबे के निदेसानुशार उपजेल में न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपत सिंह साहू एवं शैलेश कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में तीन नए अधिनियम भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम की जानकारी दिया गया। इस मौके पर बताया गया कि नए पुराने अधिनियमों के प्रावधानों, धाराओं की तुलनात्मक सारणी सभी न्यायालयों में उपलब्ध है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स ने बंदियों को नए अधिनियमों के संबंध में जागरूक किया। इस कार्यक्रम में पीएलवी अशोक पाण्डेय एवं पवन कुमार आदि उपस्थित थे।



# तराजू सत्यापन शुल्क का विरोध

■ दुकान संचालकों ने किया कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



अंचल के राशन दुकान संचालकों ने इलेक्ट्रानिक तराजू के सत्यापन और मरम्मत के नाम पर बेजा वसूली की शिकायत कलेक्टर से किया है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उपज मंडी परिसर में गंडई एवं साल्हेवारा क्षेत्रकी राशन दुकानों के इलेक्ट्रॉनिक तराजू के सत्यापन के लिए नाप तौल विभाग द्वारा शिविर लगाया गया था। शिविर में सत्यापन शुल्क के रूप में 15 सौ एवं 750 रुपए सर्विस चार्ज मांगा जा रहा था। अधिक शुल्क लेने का 100 से अधिक दुकान संचालको ने विरोध करते हुए इलेक्ट्रॉनिक तराजू का सत्यापन नही कराया था। मामले के दूसरे दिन राशन दुकान संचालक लामबंद होकर शिकायत करने जिला कार्यालय पहुंचे। उन्होंने लिए जा रहे शुल्क को अनुचित बताते हुए कहा कि शासन ने सत्यापन शुल्क 15 सौ रूपए निधारित किया है जिसे भी दुकान संचालनक की कमीशन राशि में काटा जाएगा। उन्होंने शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### राजू श्रीवास्तव का निधन



**डोंगरगढ़।** दंतेश्वरी पारा निवासी स्व. हरिशंकर श्रीवास्तव के पुत्र राजू गोपाल श्रीवास्तव का 40 वर्ष की आयु में निधन सोमवार को हो गया।

वह कई दिनों से अस्वस्थ्य थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया।

## अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान अब 12 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर की राजनीति में एक बार फिर तेज हो गई। आगामी 12 जुलाई को कलेक्टर के आदेश पर अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग होगी।

बीते 24 मई को पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम के खिलाफ भाजपा के 14 पार्षदों ने उनकी कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। मामले को देखते हुए जिलाधीश ने 10 जून को वोटिंग की तारीख का ऐलान किया था। इस आदेश को कांग्रेस ने आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए हाईकोर्ट की शरण लिया था जिस पर हाईकोर्ट ने स्टे जारी कर सुनवाई जारी रखा था। हाईकोर्ट ने गत 27 जून को पालिका अध्यक्ष की याचिका को खारिज कर दिया। इस आदेश के आधार पर प्रशासन ने नई तारीख का ऐलान कर दिया गया है। अब 12 जुलाई को अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग होगी।

# अमलीडीह की महिला सरपंच पुनः बहाल

## सचिव ने समय पर नहीं दिया था लंबित कार्यों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निर्वाचन के मात्र सात महीने बाद पदच्युत की गई ग्राम पंचायत अमलीडीह की सरपंच को कलेक्टर ने बहाल करने का आदेश पारित किया है। अनुविभागीय अधिकारी ने छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) (क) तहत पद से पृथक किया था।

जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ने ग्राम पंचायत अमलीडीह की महिला सरपंच के विरूद्ध कर्तव्य निर्वहन एवं कार्यों में लापरवाही बरतने पर ज्ञापन प्रस्तुत किया था। अनुविभागीय अधिकारी की नोटिस पर जवाब प्रस्तुत करने के बाद अनुविभागीय अधिकारी ने 21 फरवरी 24 को धारा 40 पंचायत राज अधिनियम के तहत पद से बर्खास्त कर दिया था।

**उपेक्षा की हुई शिकार**

सरपंच ने बताया कि निर्वाचन के पहले स्वीकृत कार्य की जानकारी सचिव द्वारा नहीं दी गई है। ग्राम पंचायत सचिव द्वारा किसी प्रकार का सहयोग नहीं दिया गया जिसके कारण कई कार्य प्रभावित हुए है। सरपंच के अनुरोध पर जिला पंचायत राजनांदगांव ने तत्कालीन सचिव भुवालगिरी गोसाई को हटाकर उनके स्थान पर दौवाराम साहू को 25 जनवरी को नियुक्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचन आचार संहिता के कारण उन्हे कार्य करने का अवसर प्राप्त नहीं हो पाया है। कलेक्टर ने अपने आदेश में कहा कि सरपंच के के विरूद्ध वित्तीय अनियमितता का आरोप नहीं है, जिससे न्यायालय को कठोर कार्यवाही से बचना चाहिए था।कलेक्टर ने 28 फरवरी को पारित आदेश के विधिसम्मत तथा समसामयिक परिस्थितियों के अनुकूल न होने के कारण निरस्त करते हुए सरपंच को प्रभार दिलाने, सभी निर्माण कार्यों की जानकारी के साथ कार्यवार आय-व्यय की जानकारी देनक का आदेश पारित किया है।

जानकारी के अनुसार सरपंच पर साहू पारा का सामुदायिक भवन, मरार पारा का सामुदायिक भवन, सोनकर पारा का सामुदायिक भवन, सरस्वती मंच के पास अतिरिक्त कमरा, सनातन भवन में किचन शेड, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सोख्ता निर्माण, धरसा से शमसान घाट पहुंच मार्ग मुरमीकरण, वार्ड 8 व 9 में नाली निर्माण, वार्ड 7 एवं 8 में मंच पर शेड निर्माण, रीपा अंतर्गत विभिन्न निर्माण, एसएलडब्ल्यूएम सेन्टर का कार्य अपूर्ण होने का आरोप लगा था। बर्खास्तगी के पहले सरपंच ने अपने जवाब में बताया था कि वह 30 जून 2023 को सरपंच पद पर निर्वाचित हुई थी। पूर्व सरपंच के नाम पर जारी डीएससी को निरस्त कर उसके नाम पर डीएससी जारी करने प्रक्रिया पूरी कर लिया गया है किन्तु डीएससी प्राप्त नहीं होने के कारण भुगतान किया जाना संभव नहीं है।

### खबर प्रकाशन के बाद लगाया सूचना बोर्ड




**गंडई पंडरिया।** गंडई स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में हाईटेक सब्जी मंडी का निर्माण करोड़ों की लागत से किया जा रहा है। कार्य स्थल में निर्माण से संबंधित सूचना बोर्ड नही लगाया था। इस संबंध में हरिभूमि ने 11 जून को खबर प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशन के कुछ दिनों बाद ठेकेदार ने कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड लगा दिया है। सूचना बोर्ड के अनुसार निर्माण कार्य 1140.82 लाख की लागत से होना है। ठेकेदार आलोक बिल्टेक दुर्ग दुर्ग को उक्त कार्य 15 अप्रैल 2025 तक पूर्ण करना है।

### गुप्त नवरात्रि पर्व छह से

**डोंगरगढ़।** अषाढ़ माह शुरू होने के साथ हिन्दू तीज त्यौहार की शुरूवात आगामी 6 जुलाई से हो रही है। आगामी 6 जुलाई को गुप्त नवरात्रि की शुरूवात होगी। आगामी 15 जुलाई तक देवी आराधना किया जाएगा। पर्व को लेकर मां बम्लेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में तैयारी शुरू कर दी गई है। आगामी 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथयात्रा मूंछ वाले हनुमान मंदिर में निकाली जाएगी। रथ यात्रा शहर भ्रमण के लिए महावीर मंदिर प्रांगण से 11 बजे निकलेगी। इस दौरान प्राचीन प्रतिमाओं को मंदिर के गर्भगृह से निकालकर पूजा किया जाएगा।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

### स्वागत के साथ शिक्षा सत्र की हुई शुरूआत

# प्रवेशोत्सव में छात्राओं को मिली साइकिल







हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

प्राथमिक शाला घोरदा में प्रवेश उत्सव और छात्र दैनंदनी विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य बिरेंद्र मसिया थे। श्री मसिया ने बच्चों को गुलाल लगाकर स्वागत किया तथा छात्र दैनंदनी का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि जब तक पालक बालक और शिक्षक साथ मिलकर काम नहीं करेंगे, तब तक शिक्षा के क्षेत्र में नयापन नहीं आ सकता। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से आहता निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके धीवर, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक संतोष पांडे, सरपंच नोहर सिंह, धनंजय, प्राचार्य जीएन वर्मा, रोहित साहू, टेकराम पटेल, योगेश पटेल आदि शामिल हुए। अंत में प्रधान पाठक श्रीमती एन साहू ने आभार व्यक्त किया। संचालन राजेश्वर साहू ने किया।

**बच्चों का आत्मीय स्वागत**

**कल्लूबंजारी।** प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि सरपंच डोमेन कुमार पटेल थे। अध्यक्षता राजकुमार पटेल ने किया।विशेष अतिथि पुष्पा सिन्हा, रामेश्वरी मंडावी, बाबूलाल पटेल, भवनसिंह ठाकुर एवं दिलहरण पटेल थे। पूजा अर्चना एवं स्वागत के बाद सरपंच श्री पटेल, अध्यक्षता कर रहे श्री पटेल, पुष्पा सिन्हा, श्री ठाकुर ने संबोधित किया। स्वागत भाषण प्रधानपाठक युएस मंडावी, संचालन दिनेश कुरेटी एवं आभार प्रदर्शन चुम्मन लाल भुआर्य ने किया। इस अवसर पर कक्षा पहली एवं छठवीं के बच्चों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षक तिलकराम बढ़ई, शोभराय कार्ते, जगन्नाथ नेताम, कामता प्रसाद पटेल, मन्नुलाल कंवर, अशोक कुमार, जितेन्द्र पटेल, गजेन्द्र ठाकुर, चैतीबाई साहू, नरबदिया पटेल, सुनीता रामटेके आदि उपस्थित थे।

**प्रवेशोत्सव में बच्चों का स्वागत**

**अर्जुनी।** स्थानीय धनीराम साहू शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन कर कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं के छात्र छात्राओ को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। छात्र- छात्राओं को पुस्तक एवं सरस्वती निःशुल्क सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया गया। प्रवेशोत्सव में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू, ग्राम प्रमुख हिरेन्द्र कुमार सोनकर शामिल हुए। इस मौके पर शिक्षिका केएल यादव, बबिता खंडेलवाल, श्रीमती यू ठाकुर, श्रीमती आर ध्रुव, दीपिका दुबे, एमआर मेश्राम, एचके बोरकर, टीआर सोनकर, मनीष गजभिये उपस्थित थे। संचालन आरके नेताम एवं आभार प्रदर्शन आरके चौधरी ने किया।

**डोंगरगढ।** सरस्वती शिशु मंदिर चारभाटा में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष गिरवर साहू ने बच्चों को तिलक लगाकर मुँह मीठा कराया। इस अवसर पर साधना सिन्हा, प्रधानाचार्य नूतन यादव, आचार्य मसराम, कमलकांत साहू, मनीषा साहू, कामनी सिन्हा, कविता सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### गौलीटोला में पढ़ाई तिहार का आयोजन

प्राथमिक शाला गौलीटोला में पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। आयोजन में 9 काउंटर बनाकर नव प्रवेशी बच्चों को मेला सपोर्ट कार्ड प्रदान कर शारीरिक, बौद्धिक, भाषागत, गणितीय एवं भावनात्मक दक्षता का परीक्षण किया गया। प्रधान पाठक इंदु भंडारी, सहायक शिक्षिका शाहीन परवीन, राधिका चंद्राकर एवं पालकों की उपस्थिति में पढई तिहार मनाया गया। कार्यक्रम में रजमत मानकर, लिकेश्वरी, वीणा, रेणुका, वंदिका, निशा, श्रद्धा आदि शामिल हुई।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### शर्मा के सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के शहर स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता सतीश कुमार शर्मा के रिटायरमेंट पर अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर भावपूर्ण विदाई दी गई। अधीक्षण अभियंता श्री शर्मा ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं सीएसपीडीसीएल में लगभग 40 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी तथा राजनांदगांव जिले में अनेक विद्युत विकास कार्यों के सफल क्रियान्वयन में महती भूमिका निभाई। उन्हें राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टीके मेश्राम द्वारा स्मृति चिन्ह, उपहार एवं प्रमाण पत्र देकर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता टीके मेश्राम ने कहा कि विद्युत कंपनी के सेवाकाल में सेवानिवृत्त होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। कंपनी के सेवाकाल में श्री शर्मा समय के पाबंद, कर्तव्यनिष्ठा व उत्कृष्ट कार्यशैली के अधिकारी रहे और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन बखूबी से किया। समारोह में एसके शर्मा ने अपने सेवाकाल का विवरण देते अधिकारी-कर्मचारियों को सहयोग के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता सतीश कुमार शर्मा के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता केसी खोटे, कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके, एडी टंडन, एनके साहू, गीता ठाकुर, पीसी साहू, आरके गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### निगलने संबंधी विकार पर कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** सीआरसी राजनांदगांव में निगलने संबंधी विकार विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों से ऑनलाईन 104 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सीआरसी निदेशक स्मिता महोबिया द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और प्रतिभागियों को निगलने संबंधी विकार के संबंध में पालकों एवं लोगों को जागरूक करने की सलाह दी। इस दौरान पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर से प्रेमा, वेंकट प्रुस्टी एम्स भुनेश्वर से हिमांशु वर्मा, राष्ट्रीय बौद्धिक संस्थान सिकंदराबाद से एस. लक्ष्मी प्रसन्ना स्वामिनी स्वीकार द्वारा निगलने संबंधी विकार विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने इस समस्या के कारण, समस्या के समाधान, स्पीच थेरेपी, बचने के लिए एडवांस टेक्नोलॉजी के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में ऑनलाइन चार क्लास लिया गया और सभी क्लास के बाद आरसीआई नई दिल्ली के नियमानुसार परीक्षा भी ली गई। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम समन्वयक स्मिता महोबिया द्वारा किया गया।

### ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लगाई गुहार

# दो साल से पुलिया क्षतिग्रस्त आवागमन की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के चिचका से कुरूभाठ के बीच बना पुलिया दो साल पहले से टूट गया है, लेकिन दर्जनों आवेदन के बाद भी सुधर नही पाया जिसके चलते प्रकाश धनकर, राजेश सावरकर, शत्रुहन डाकरे, पूरन डाकरे, राजेश नेताम, गोवर्धन बोमले, तिलक धनकर, दुलारसिंह धनकर सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को ज्ञापन सौंपकर पुलिया सुधार की मांग की है।

अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने तत्काल पुल निर्माण की मांग करते हुए कहा कि नवागॉव बांध का पानी इसी पुल से होकर गुजरता है। चिचका से सटे कुरूभाठ की सरहद पर लगभग चालीस से ज्यादा परिवार बसे हुए है जिन्हें बरसात के दौरान काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में बाढ़ आने की वजह से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है।



#### अब तक किसी ने नहीं ली सुध

हलकी बारिश में नाले के बहाव तेज हो जाता है और क्षतिग्रसत पुलिया के उपर से पानी बहने लगता है जिसके कारण आवाजाही बंद हो जाती है। स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होती है। कृषि कार्य में भी बाधा उत्पन्न होता है। ग्रामीणों ने कहा कि मामले को लेकर जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी उनकी उदासीनता के चलते अब तक पुलिया का जीर्णोद्धार नही हो पाया है। प्रशासन को भी इसकी जानकारी वो दे चुके है, लेकिन स्थिति मे कोई सुधार नही हुआ है।

# किसान से पैसे लेते सपड़ाया पटवारी पांच दिन बाद भी नहीं मिली जमानत

- जिला गठन के बाद यह दूसरी घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

फौती उठाकर फ़र्द बंटवारा के नाम पर पैसे लेते पटवारी की एसीबी से गिरफ्तारी के बाद पटवारियों में हडक़ंप मचा हुआ है। वही घटना के पांच दिन बाद भी कोर्ट से जमानत नही मिलने पर घबराए हुए है हालांकि यह स्थिति कब तक बनी रहेगी कहा नही जा सकता लेकिन नए जिले में यह दूसरी घटना है जब काम के एवज में पैसे मांगने वालों को एसीबी ने रंगे हाथ धरा है। इसके पहले छुईखदान ब्लॉक में बिल राशि का भुगतान के नाम पर पैसे मांगने वाले आरईएस के एसडीओ को ठेकेदार की शिकायत पर और उसके बाद किसान की शिकायत पर एसीबी ने पटवारी को पकड़ा है।

गौरतलब है कि कलेक्टर सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों के सख्त निर्देश के बावजूद पटवारियों की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हो रहा है। नामांतरण, फौती, बंटवारा, सीमांकन जैसे तमाम जमीन संबंधी मामलों के निपटारे के लिये किसान का पटवारियों के पास जाना मजबूरी है और बस इसी मजबूरी का लाभ कतिपय पटवारी उठा रहे है। ऐसा नहीं कि ब्लॉक में काम करने वाले तमाम पटवारी इस राह के हमसफर है, लेकिन कहावत है ना कि एक मछली सारे तालाब को गंदा कर देती है कमोवेश यही स्थिति निर्मित हो गईं है। ब्लॉक के ज्यादातर पटवारियों पर बिना लेन देन के काम नहीं करने का आरोप लगता रहा है, लेकिन किसी भी ग्रामीण ने काम अटकने के डर से उच्च अधिकारियों तक शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटाई जिसके चलते दिनों दिन इनका हौसला बुलंद होते गया।

#### कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

एक ओर जहॉ पटवारियों की बेजा मांगों से परेशान किसान एसीबी की कारवाई को वाजिब बता रहे है वही दूसरी ओर पटवारी विवेक परगनिहा के खिलाफ एसीबी की कारवाई के दौरान मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि पंचायत भवन में पटवारी टेबल पर बैठकर काम कर रहा था उसी दौरान किशोरदास साहू वहा पहुंचा और टेबल पर कागज साथ पैसा रखकर खड़ा हो गया था अचानक रजिस्टर और कागजों के बीच टेबल में पैसा देखकर पटवारी ने किसका पैसा है कौन रखा है पूछते हुए उसे हटाया है और एसीबी टीम ने उसे पकड़ लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि टीम ने पटवारी का हाथ भी धुलाया, लेकिन कोई रंग नहीं निकला इसके बाद भी उसे रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार करके ले गईं। हल्का नंबर 11 के ग्रामीणों ने बताया कि सालभर से हल्के में पदस्थ पटवारी पर पैसा नहीं मिलने की वजह से काम रोकने संबंधी कोई बात सुनाई नही दी थी। पता चला है कि पटवारियों का संघ भी इस मामले में पटवारी विवेक साहू के खिलाफ एसीबी की कारवाई को गलत बताते हुए ज्ञापन सौंपने वाला है।

### मिर्गी रोगियों के उपचार हेतु शिविर का आयोजन

**मोहला।** मिर्गी रोगियों के उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी में एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में एम्स नई दिल्ली के न्यूरोलॉजी विभाग के चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। शिविर का आयोजन सुबह 7 से किया जाएगा। शिविर का लाभ लेने के लिए मरीज का पंजीकरण किया जाना आवश्यक है। शिविर में आने वाले मरीजों को अगर वह किसी दवा का सेवन कर रहा है, तो साथ में लेकर आना आवश्यक है। सभी पुरानी जांच एवं पर्ची एवं आधार कार्ड साथ में लाना होगा। शिविर में आने वाले मरीज को निशुल्क दवाई उपलब्ध कराया जाएगा।

# गिरजा चंद्राकर बनी नपा अध्यक्ष अमलीपारा वार्ड से है दूसरी बार पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नपा अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा के इस्तीफे बाद बीते चार महीनों से खाली नगर पालिका अध्यक्ष पद पर शासन ने अमलीपारा वार्ड 12 पार्षद गिरजा चंद्राकर की नए अध्यक्ष के रूप मे ताजपोशी की है। भाजपा सरकार आने के बाद भाजपा के निर्वाचित पार्षद का अध्यक्ष बनना लगभग तय था लेकिन पिछड़ा वर्ग केलिए आरक्षित अध्यक्ष पद के लिए भाजपा में चार पार्षद अलग अलग वार्डो से जीतकर आए थे जिसके चलते जिला भाजपा संगठन स्तर पर नाम तय करने मे समय लगा। भाजपा पार्षदों में पिछड़ा वर्ग से चार पार्षदों में टिकरापारा वार्ड पार्षद चंद्रशेखर यादव, दाऊचौरा वार्ड 16 पार्षद और शहर मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन, धरमपुरा किल्लापारा



वार्ड पार्षद रूपेन्द्र रजक और लगातार दूसरी बार रिकार्ड मतों से अमलीपारा वार्ड में जीत दर्ज करने वाली गिरजा चंद्राकर अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे थी। वार्ड चुनाव दो बार रिकार्ड मतो से जीतने के अलावा विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को बढ़त दिलाने के साथ साथ महिला संगठन में भी उनकी सक्रियता ने नपा अध्यक्ष बनने मे उनका सहयोग किया। इससे पहले पार्षदों की बैठक में आठ पार्षदों ने एक नाम पर अपनी सहमति दी थी, दो ने अपनी दावेदारी पेश की लेकिन संगठन ने सर्वसम्मति से नाम तय कर प्रदेश संगठन को भेजा था।

#### अटक गया था नपा का कामकाज

विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद कांग्रेस के नगर पालिका अध्यक्ष रहे शैलेन्द्र वर्मा का इस्तीफा प्रकरण चार महीने उलझा रहा। पहले इस्तीफा देने फिर इंकार करने की जांच में ही तीन महीना के आसपास का समय लग गया जिसके बाद लोकसभा चुनाव के चलते अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया अटक गई थी। पीआईसी, परिषद की बैठके नहीं होने के कारण नए आवेदनो पर प्रस्ताव, स्वीकृति की मुहर नहीं लग पा रही थी वही रोजमर्रा के कामो में भी रूकावट आ गई थी इसके अलावा जिन कार्यों में अध्यक्ष की जरूरत है वे महत्वपूर्ण काम भी अअक गए थे। अब अध्यक्ष पद पर गिरजा चंद्राकर की नियुक्ति शासन स्तर पर होने से अटके कामो मे गति आएगी।

# नवीन न्याय संहिता पर उप जेल में कार्यक्रम

**खैरागढ़।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर, जिविसेप्रा राजनांदगांव अध्यक्ष सुषमा सावंत के निर्देशानुसार सलोनी उप जेल में नवीन न्याय संहिता पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रकुमार कश्यप ने विचाराधीन बंदियों को बताया कि देश के नागरिकों और समाज का जीवन व्यवस्थित व अनुशासित रूप से चल सके। देश का शासन विधि सम्मत तरीके से आगे बढ़े इसीलिए कानून में समय-समय पर संशोधन किया जाता है। नवीन न्याय संहिता आम जनमानस के सुलभ न्याय के लिए बनाई गई है। इसके तहत अब थाने में एफआईआर दर्ज कराने प्रार्थी को भटकना नहीं पड़ेगा। थाना स्टाफ बहाने बनाकर आवेदन टाल भी नहीं सकेंगे। प्रार्थी एफआईआर के लिए अब थानों के ई-मेल आईडी और वाट्सएप नंबर पर सीधे आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद तीन दिनों में आवेदन के आधार पर मामला दर्ज होगा हालांकि ऑनलाइन आवेदन के तीन दिन के भीतर आवेदक को भौतिक रूप से थाने में मौजूद रहना होगा।




#### किसी भी थाने में होगा अब एफआईआर

मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग ने कहा कि नए कानूनों के तहत थाना क्षेत्र को लेकर होने वाला विवाद भी खत्म हो जाएगा। आमतौर पर किसी घटना या दुर्घटना की स्थिति में संबंधित थाना क्षेत्र में जाकर ही एफआईआर दर्ज कराने कहा जाता है जिससे प्रार्थी पक्ष को परेशान होना पड़ता है लेकिन इसमें भी बदलाव कर दिया गया है। अब प्रार्थी घटना को लेकर अपने आसपास के किसी भी थाने में शिकायत दर्ज करा सकते हैं जिसे जीरो में एफआईआर दर्ज कर संबंधित थाने को पुलिस द्वारा ही भेजा जाएगा इससे समय की बचत होगी।

#### दंड विधान की जगह न्याय विधान

ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट फस्ट क्लास गुरु प्रसाद देवांगन ने बताया कि कानून में क्षमा का कोई प्रावधान नहीं है, भले ही भूलवश कोई अपराध हुई हो, सजा जरूर मिलेगी, जो तीन नए कानून बनाया गया है उसमें बहुत अच्छा प्रावधान है। अब धारा 420 ठगी के स्थान पर धारा 318 बन गया। नए कानून में धाराओं में बहुत ज्यादा बदलाव किया गया है, जो पहले हत्या का मामला धारा 320 को अब धारा 103 कहा जाएगा। अंग्रेजी ने जो आईपीसी दंड संहिता अपने हिसाब से बनाया गया था जिसे अब सुधार कर न्याय संहिता बनाया गया। पीएलवी गोलू दास ने कहा कि देश में संचालित पुरानी दंड संहिता दंड विधान पर बल देती हैं जबकि नवीन न्याय संहिता न्यायपूर्ण समाज व्यवस्था पर बल देती है। कार्यक्रम बाद विचाराधीन बंदियों का हालचाल पूछकर स्वास्थ्य के बारे में जाना गया साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना गया वही बंदी बैरक, पाकशाला, वीसी कक्ष का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक योगेश कुमार बंजारे, सिपाही प्रेम सागर साहू, यशवंत नायक, सुभाष बोई, यशवंत झरिया, प्रमोद कौशिक सहित विचाराधीन बंदी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं, दिए निर्देश

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी के साथ जिले के विभिन्न अंचलों से आए आमजनों से भेंटकर उनकी समस्याओं, मांगों और शिकायतों को सहानुभूति पूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों से कहा कि दूर दराज से आए नागरिकों की समस्याओं को सुनें। साथ ही साथ उनकी समस्या से निजात दिलाने में गंभीरता का परिचय भी दें। कलेक्टर जनदर्शन में आज 23 आवेदन प्राप्त हुए प्राप्त सभी आवेदनों को ऑनलाइन पंजीयन करने के साथ ही संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर जनदर्शन में आये मानपुर के ग्राम जबकसा निवासी अर्जुन सिंह जाड़े ने अपने पुत्र भविष्य कुमार जाड़े को कक्षा 11वीं में स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम स्कूल मानपुर में प्रवेश दिलाने संबंधित आवेदन प्रेषित किया है। इसी प्रकार मोहला वार्ड नं. 3 के समस्त वार्डवासी ने अपने समस्या से अवगत कराते हुए वार्ड में स्थित मटन मार्केट को दूसरे जगह स्थानांतरण करने के संबंध में आवेदन दिया। खड़गांव निवासी श्रीमती बृज बाई ने अवैध अतिक्रमण व निर्माण रोकने के संबंध में आवेदन किया। इसी प्रकार ग्राम कन्दाड़ी के समस्त ग्रामवासी ने अपने समस्या की ओर ध्यान अकर्षित करते हुए गांव में शा.हायर सेकेंड्री स्कूल कंदाडी के लिए भवन निर्माण हेतु आवेदन दिये हैं। इसी प्रकार ग्राम मुरझर निवासी फुलसिंग मरकाम ने सोलर पम्प की सुधार करने के संबंध में आवेदन दिया साथ ही जल्द निराकरण की मांग की हैं। इसी प्रकार जिले के सभी क्षेत्रों से आये आवेदनकर्ताओं ने अपनी समस्याओं से निजात पाने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रेषित किये हैं।



# स्थगन आदेश बाद भी निर्माण जारी, राजस्व विभाग मामले पर नहीं दिखा रहा रूचि

- राजस्व संबंधी हजारों मामले अटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समीक्षा बैठक में मिल रहे कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में ब्लाक का राजस्व विभाग लगातार असफल साबित हो रहा है। राजस्व संबंधी ऐसे हजारों मामले है जो किसी ना किसी कारण से अटके हुए है।

राजस्व विभाग के स्थगन आदेश जारी करने के बाद भी निर्माण कार्य जारी है इससे साफ जाहिर होता है कि विभाग प्रकरणों की सुनवाई मे विलंब के अलावा अपने आदेश के पालन मे भी कोताही बरत रहा है। जानकारी अनुसार पटवारी हल्का नंबर 45 रगरा निवासी नीलांबर पिता गुहरा राम साहू ने 25 अक्टूबर 23 को तहसीलदार को आवेदन देकर बताया कि उसके खेत सामने रुखुम साहू द्वारा खसरा नंबर 704 के ठीक सामने लगभग दस डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण कराया जा रहा है।

सुनवाई नहीं होने पर नीलांबर साहू ने 12 मार्च को तहसीलदार को एक और आवेदन दिया कि अवैध कब्जे के चलते उसे खेत तक वाहन ले जाने सहित कई प्रकार की समस्या हो रही है। स्थल निरीक्षण के लिए पहुँचे पटवारी रवि जंघेल ने 2 मार्च और 11 मार्च को ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा बनाया और एक दिन बाद 12 मार्च को तहसीलदार को जांच प्रतिवेदन सौपा जिसमे उसने साऊ तौर पर लिखा है कि रुखुम पिता बिसनाथ साहू द्वारा सड़क ऊपर नीलांबर साहू के खेत के सामने कालम गड्ढा खोदकर पक्का मकान निर्माण कराया जा रहा है। समझाइश देने के बाद भी वर्तमान में निर्माण कार्य जारी है।

#### आदेश की तामिली नहीं

मामले मे तहसीलदार ने स्थगन आदेश जारी कर काम रोकने कहा लेकिन आदेश जारी होने के तीन महीने बाद भी निर्माण कार्य जारी है। प्रार्थी नीलांबर साहू ने बताया कि एक छोटे से मामले के लिए उसे बार-बार तहसील ऑफिस का चक्कर लगाना पड़ रहा है। तारीख पर तारीख पेशी हो रही है, लेकिन अवैध कब्जाधारी के ऊपर कोर्ट के आदेश को नही मानने के बाद भी कारवाई नहीं हो रही है। मामले को लेकर नायब तहसीलदार एमएल झारिया ने कहा कि स्थगन आदेश के बाद भी यदि निर्माण कार्य जारी है तो गांव पहुंचकर निरीक्षण कर उचित कारवाई किया जाएगा।

### सांसद संतोष पांडेय सहित अन्य अतिथियों के हाथों होगा शुभारंभ

# संभाग का सबसे बड़ा एस्ट्रोनामी लैब बनकर तैयार, पांच को किया जाएगा भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के सबसे पुराने तुरकारी पारा स्थित प्राशा क्रमांक दो अब एस्ट्रोनामी लैब के नाम से जाना जाएगा। पूर्व सीएम रमन सिंह सहित अनेक नामी गिरामी हस्तियों को प्रारंभिक शिक्षा देने वाला 1956 में बने प्राशा क्रमांक दो में बीते कुछ सालों से कक्षाओं का संचालन नही हो रहा था।

भवन की लगातार रिपेयरिंग के बाद भी स्थिति नही सुधर पाई और भवन दिनों दिन खंडहर होता गया इसी दौरान बीईओ नीलम सिंह राजपूत कार्यालयीन काम काज के सिलसिले में परिसर स्थिति संकुल कार्यालय पहुंची जहॉ उन्होंने लंबे चौड़े भवन और सामने खुले मैदान को देखकर कुछ नया प्रयोग करने की इच्छा से सीएसी साथियों से बैठकर चर्चा बाद तत्कालीन डीईओ डॉ केवी राव से साइंस लैब बनाने कार्ययोजना तैयार कर खाका खींचा, लेकिन बात आगे नही बढ़ पाई।

साइंस लैब निर्माण कर जिले के बच्चों को खेल खेल में विज्ञान के प्रयोगों की जानकारी देने की इच्छा शक्ति लिए बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने हार नही मानी और प्राशा से पढ़कर निकले बच्चों का एक समूह बनाया जहॉ विकास आर्या, नवीन जैन, समशुल होदा खान, धतेंद्र सिंह, प्रणय महोबे, शुभम सिंह ठाकुर, मदनी खान सहित शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने प्राशा भवन के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया और लगभग डेढ़ साल के अथक प्रयास बाद सभी के समेकित प्रयास से एस्ट्रोनामी लैब पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है जिसका पांच जुलाई को सांसद संतोष पांडेय सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी में भव्य शुभारंभ किया जाएगा। शुभारंभ बाद नया लैब दुर्ग संभाग का सबसे बड़ा लैब होगा।




#### स्मृति संजोने बेटे ने दिया योगदान

प्राशा क्रमांक दो भवन में पहले प्लेनिटोरियम शुरू करने की योजना थी, लेकिन लागत राशि लगभग चालीस लाख होने के कारण उसे स्थगित कर एस्ट्रोनामी लैब की कार्ययोजना पर काम किया गया। लगभग चार लाख रूपयों की भवन सामग्री और मजूदर शाला के पुराने छात्र विकास आर्या ने अपनी माता स्व आशारानी आर्या को जो इसी शाला की छात्रा थी उन्हें श्रद्धांजलि देने के मकसद से उपलब्ध कराया। लैब के हिसाब से नए सिरे से रंग रोगन और बिजली फिटिंग का काम भी कराया गया। रिनोवेशन का काम पूरा होने के बाद लैब स्थापना को लेकर विज्ञान विषय के जानकारों से चर्चा करने के बाद साइंस लैब के लिए जरूरी सामान मुंबई, दिल्ली और पुणे से मंगाया गया। पूर्व सीएम से लेकर प्रदेश मे अलग-अलग जगहों पर अपनी संस्कारवाली प्राथमिक शिक्षा के बदौलत नाम कमा चुके विभूतियों को गढ़ने वाले संस्था के पूर्व प्रधानपाठकों स्व लाल निर्मल सिंह, स्व घनाबन गोस्वामी और राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित स्व खेलेंद्र सिंह की स्मृतियों को संजोने का प्रयास भी लैब में किया गया है। बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने बताया कि सभी के सामूहिक प्रयास से बच्चों को खेल-खेल में विज्ञान को सहज सरल भाषा मे बताने लैब बनाया गया है। शाला के गौरवशाली इतिहास को अक्षुण्ण बनाए रखने और विभूतियों की याद में भवन को तैयार किया गया है। नए लैब से विज्ञान विषय को जटिल मानकार नकारात्मक रूख रखने वाले बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान होगा और वो आसान तरीके से विषय वस्तु को समझ पाएंगे।

### पौधरोपण के साथ देखभाल भी जरूरी

**राजनांदगांव।** जिले को हरा-भरा बनाए रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है और इसके लिए विभिन्न संस्थानों को जिम्मेदारी भी सौंपी भी जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैंकर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक है और सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा बैंकर्स को उन स्थानों की सूची उपलब्ध करा दी जाएगी, जहां पौधरोपण के लिए स्थान रिक्त है। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण के लिए रिक्त स्थानों पर पौधे लगाने के साथ ही उनकी देखभाल एवं सुरक्षा की भी आवश्यकता है। बैंकर्स द्वारा लगभग 10 हजार पौधरोपण करने की सहमति दी। इस अवसर पर आयुक्त अभिषेक गुप्ता, लीड बैंक मैनेजर सर्वेन्द्र मलिक उपस्थित थे।

# बच्चों को कराया न्योता भोज



**खैरागढ़।** ब्लाक के अमलीडीह कला स्कूल में शासन की योजना अनुसार वृहद रूप से न्यौता भोज का आयोजन हुआ। सरपंच दिनेश वर्मा ने अपने जन्मदिन मे स्कूल के बच्चों को न्यौता भोज कराया। प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूल के बच्चों ने न्यौता भोजन बाद परिसर मे पौधरोपण किया। सरपंच सहित पंचायत प्रतिनिधियो ने अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा। प्रधान पाठक रूपेश कुमार देवांगन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कि अपने व अपने बच्चों के जन्मदिन पर पौधे रोपित कर उसके संरक्षण व संवर्धन का संकल्प ले और हरियाली क्षेत्र बढ़ाने में योगदान दें ताकि हर किसी को प्रदूषण रहित वातावरण उपलब्ध हो सके। इस दौरान संकुल समन्वयक रामेश्वर वर्मा, तेजराम वर्मा, कृष्णा प्रसाद वर्मा सहित स्टाफ, पालक भी भोज में शामिल हुए।

## सार समाचार

### रक्तदान शिविर आज

**राजनांदगांव।** कैंसर से जूझ रहे समाजसेवी भीखम गांधी के जन्मदिन पर कल 3 जून को सुबह 11 बजे से जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही वृद्धाश्रम और दिव्यांग स्कूल में फल और बिस्किट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प आज

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में कल 3 जुलाई 2024 को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से बीएसीएस एनर्जी प्रायवेट लिमिटेड कोसा नाला टोल प्लॉजा सुपेला भिलाई जिला दुर्ग द्वारा एचआर (ट्रेनी व एक्जीक्यूटिव), असिस्टेंट व डिप्टी मैनेजर व मैनेजर, ट्रेनी व एक्जीक्यूटिव (बिजनेस डेव्हलपमेंट), कारपेंटर (केवल पुरूष), फिटर (केवल पुरूष), मेशन (केवल पुरूष), वेल्डर (केवल पुरूष), ग्राईन्डर, स्ट्रक्चरल वेल्डर, स्ट्रक्चरल फिटर, रिगर (केवल पुरूष), इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर, लेबर, स्टोर ऑफिसर, बार बेंडर, गैस कटर, असिस्टेंट ऑपरेटर तथा एवं सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड एवं सिक्यूरिटी सुपरवाईजर (केवल पुरूषा) पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित आवेदकों को नियोजक द्वारा रहने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

### अध्यक्ष बने निर्जला और उमेश

**राजनांदगांव।** समाज सेवक संघ के संयोजक संजीव सिंघल की अनुशंसा पर समाज सेवक संघ केसीजी के जिला अध्यक्ष लोकेन्द्र वर्मा, निर्जला वर्मा को खैरागढ़ तहसील और उमेश मांडले को छुईखदान तहसील समाज सेवक संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय सचिव नेमिन देशमुख, प्रियांशु सिंघल, दुर्ग संभाग अध्यक्ष अंकित गर्ग, संभाग सचिव भीमा साहू, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष यमला साहू, केसीजी जिला अध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा, सिंगारपुर-गोपालपुर-फतेगांव अध्यक्ष प्रकाश यादव आदि शामिल हैं। राजनांदगांव प्रमुख नगर अध्यक्ष रेवती साहू, मुंडगांव अध्यक्ष सरस्वती वर्मा, नवागांव मुढ़ीपार अध्यक्ष अमित पटेल, अश्विनी पटेल, तामेश्वर साहू, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कंवर, रोहिणी पटेल, पायल यादव, महेंद्र बघेल, मोतीलाल रावटे, मनोज भाचार्य, बबीता लहरे, विजय निषाद, आकाश यादव, दिनेश पटेल, खुलेंद्र साहू, हर्ष साहू, चंचल साहू, भूषणलाल देवांगन, अजय श्रीवास, ओंकार कंवर, हेमलता ठाकुर, शिवानंद महोबिया आदि ने शुभकामनाएं दी।




### उत्कृष्ट कार्यों के लिए ठाकुर सम्मानित

**राजनांदगांव।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत बेहतरीन कार्यों के लिए बालोद जिले के जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश कुमार ठाकुर का सम्मान किया गया। संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष बालोद में मंगलवार को सम्मान समारोह में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रवाल ने जनसंपर्क अधिकारी श्री ठाकुर को लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान मतदाता जागरूकता अभियान एवं निर्वाचन संबंधी कार्यों का बेहतरीन प्रचार-प्रसार एवं एमसीएमसी के कार्यों के कुशल संपादन हेतु प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।



### विधानसभा में उठेगा रेत कांड, राज्यपाल से होगी शिकायत

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ के मुड़पार में सैकड़ों हाईवा रेत की जब्ती और बिना नीलामी के ही सप्लायरों को दिए जाने के मामले की गूंज विधानसभा के मानसून सत्र में होगी। कांग्रेस विधायकों का कहना है कि प्रशासन ने जांच रिपोर्ट के जरिये मामले को रफादफा करने की साजिश रची है। यही कारण है कि दोषी अफसर और सप्लायर के खिलाफ आज पर्यन्त तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ ब्लॉक के मुड़पार, पारागांव और जामरी में ग्रामीणों ने पीएम आवास के लिए सैकड़ों घनमीटर रेत को डंप कर रखा था। एसडीएम ने बिना मुनादी के ही इस रेत की जब्ती कर दी और उसे बिना नीलामी के दो सप्लायरों को दे दिया। सप्लायरों ने मनमाने दाम पर इसकी बिक्री भी कर दी। मामले के सामने आने के बाद कलेक्टर ने जांच के आदेश जारी किए। जांच रिपोर्ट में एसडीएम को क्लीनचिट दी गई और सप्लायरों पर सवा छह लाख रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। कांग्रेस विधायकों द्वारा इस मामले में दोषी अफसर और सप्लायर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन ने आज पर्यन्त तक कोई कार्रवाई नहीं की। यही कारण है कि विधायक हर्षिता स्वामी, दलेश्वर साहू और भोलाराम साहू का कहना है कि वे इस मामले की गूंज विधानसभा में करेंगे। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू का कहना है कि शीघ्र ही इस मामले की शिकायत राज्यपाल से की जाएगी।

#### सप्लायर ने जमा नहीं किया अर्थदंड

मामले में सप्लायर प्रतीक अग्रवाल और लेखराम साहू ने अभी तक खनिज विभाग में चालान के जरिये सवा छह लाख रुपए की राशि अदा नहीं की है। बताया जाता है कि नोटिस के जारी होने के हफ्तेभर बाद भी राशि जमा नहीं की गई है।

## निधन

### जीवनलाल देवांगन



**राजनांदगांव।** मोतीपुर वार्ड क्रमांक 3 के प्रतिष्ठित नागरिक जीवनलाल देवांगन का 2 जुलाई को निधन हो गया। श्री देवांगन विगत कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे वरिष्ठ पत्रकार मिथलेश देवांगन के बडे भाई थे। वे अपने पीछे पत्नी, सुपुत्र मुकेश देवांगन, रूपेश देवांगन के अलावा पोते-पोतियों, नाती-नातियों से भरापूरा परिवार छोड़ गए। श्री देवांगन का अंतिम संस्कार मोतीपुर मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद व भाजपा नेता मधुसूदन यादव, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, सावन वर्मा सहित समाज के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही।

## पृष्ठ 11 के शेष

### दो वाहनों में...

3 पेटी रायल स्टेज अंग्रेजी शराब 36 बाटल कीमती 44,640 रुपए, उक्त वाहन से कुल जुमला शराब 10 पेटी कीमती 1,03,100 रुपए तथा चार पहिया वाहन दूसरे वाहन स्कार्पियो को मौके पर विधिवत गवाहों के समक्ष तलाशी लेने पर 10 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कुल 500 पौवा कीमती 57,500 रुपए, 4 पेटी रायल स्टेज अंग्रेजी शराब 48 बाटल कीमती 59,520 रुपए, उक्त वाहन से कुल जुमला 14 पेटी शराब जुमला कीमती 1,17,020 रुपए व वाहन जब्त किया गया।

### जितेन्द्र वर्मा होंगे....

से यातायात शाखा, नरेश कुमार सार्वा बसंतपुर से रक्षित केन्द्र, देवादास भारती चौकी चिचोला से बसंतपुर, खेदूराम उइके घुमका से बागनदी, दिनेश देशलहरे बागनदी से डोंगरगांव, सहायक उपनिरीक्षक मो शरीफुद्दीन शेख रक्षित केन्द्र से पुलिस चौकी चिचोला, सहायक उपनिरीक्षक मनमोहन साहू रक्षित केन्द्र से थाना बसंतपुर स्थानांतरित किए गए हैं।

## अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने दिए निर्देश

# जनदर्शन में लोगों ने बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया। जनदर्शन में ग्राम नवागांव निवासी सुलोचना श्रीवास्तव ने कृषि भूमि का सीमांकन के लिए आवेदन की। इसी तरह छुरिया विकासखंड के ग्राम हर्राटोला निवासी धनराज चंद्रवंशी ने अपने पिता की दुर्घटना से मृत्यु होने पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दावा राशि के लिए आवेदन किया। कलेक्टर अग्रवाल ने इस आवेदन पर संज्ञान लेते सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित को निराकरण के लिए निर्देशित किया। डोंगरगांव निवासी बिसंनतीन पटेल ने अपनी निजी भूमि से अवैध निर्माण कार्य को रोकने, ग्राम बेंदाड़ी के वार्ड नंबर 4 में और ग्राम जोब के स्कूल मैदान के किनारे सीसी रोड की स्वीकृति के लिए आवेदन किया।

### सारथी रथ को दिखाई हरी झंडी



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर से जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगा तथा लोगों को इसके उपायों को अपनाने प्रेरित करेगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन दो चरणों में किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत 27 जून से 10 जुलाई तक दम्पति संपर्क पखवाड़ा का भी आयोजन हो रहा है। जिसमें परिवार नियोजन संबंधित जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पखवाड़ा का द्वितीय चरण अंतर्गत 11 से 24 जुलाई 2024 तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थायी एवं अस्थायी साधनों के उपयोग हेतु परामर्श एवं दोनों सुविधा प्रदाय की जाएगी। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, जिला कार्यक्रम अधिकारी भुमिका वर्मा, जिला आरएमएनसीएचए कंसल्टेंट डॉ स्नेहा जैन उपस्थित थे।

## रमन का आज शहर में अनेक कार्यक्रम



**राजनांदगांव।** छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का कल बुधवार को शहर आगमन हो रहा है। वे अनेक कार्यक्रमों में भाग लेकर देर शाम रायपुर चले जाएंगे। भाजपा मीडिया के अनुसार डॉ. रमन सिंह बुधवार दोपहर 11.30 बजे अपने रायपुर स्थित निवास मौलश्री विहार खनिज नगर से दोपहर 11.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे राजनांदगांव आएंगे। वे यहां पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय आकर उनके नवीन कार्यालय भवन का उद्घाटन करेंगे तथा शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं ट्रैफिक सिग्नल का भी शुभारंभ करेंगे। इसके बाद दोपहर 1.40 बजे पुलिस लाईन आगमन होगा, जहां वे खिलाड़ियों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद डॉ. सिंह विधानसभा अध्यक्ष निवास जीई रोड दोपहर 2.30 बजे पहुंचेंगे, जहां वे आम लोगों से मुलाकात कर शाम 4.25 बजे ग्राम बरगा के लिए प्रस्थान करेंगे। वे ग्राम बरगा में पंचायत ट्रेनिंग सेंटर मिशन जल रक्षा का अवलोकन करेंगे, फिर वृक्षारोपण करेंगे तथा संपर्क डिवाइस एवं पाठू लईका पर दीदीयों से चर्चा करेंगे, ग्राम बरगा से रायपुर प्रस्थान कर जाएंगे।

## केडिया का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में रिदम केडिया रायपुर को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। श्री केडिया जेईई एडवांश 2024 में 14 लाख परीक्षार्थियों के बीच ऑल इंडिया में चौथा रैंक हासिल किया है। यह परीक्षा विश्व की सबसे कठित परीक्षाओं में से एक है।

कलेक्टर अग्रवाल ने श्री केडिया को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि श्री केडिया ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने आज यहां जिले के हायर सेकंडरी स्कूल के छात्रों को इस परीक्षा से जुड़ने और सफलता हासिल करने मोटिवेशनल स्पीच भी दिए। उन्होंने पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट विद्यालय एवं सर्वेश्वर दास उत्कृष्ट विद्यालय में प्रेरणादायी संबोधन प्रस्तुत किया और विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने का मूलमंत्र दिया।

## हज यात्रा के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



हज यात्रा के नाम से ठगी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी नागपुर महाराष्ट्र में पकड़ा। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी मो. इकबाल खान 65 साल निवासी कालकापारा डोंगरगढ़ ने 21 जून को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि इमरान शेख निवासी नागपुर द्वारा हज यात्रा में ले जाने के नाम से अलग-अलग किस्त में कुल 8,25,000 रुपए एवं सद्दाम हुसैन खान 32 साल निवासी रजा नगर डोंगरगढ़ से अलग-अलग किस्त में कुल 6,48,500 रुपए कुल 14,73,500 रुपए जमा कराया था। इसके बाद इमरान शेख ने विश्वास दिलाया कि हज में जाने का रजिस्ट्रेशन हो गया है। 22 मई को मुम्बई से हज के लिए भेजा जाना बताया था। जिसके बाद 22 मई को नहीं जाना है, 9 जून को मुंबई हवाई अड्डा से सउदी अरब के मक्का शहर हज हेतु भेजा जाएगा। जिसके लिए 7 जून को नागपुर रेलवे स्टेशन बुलाया था और बताया था कि मुंबई जाने के लिए दुरन्तु ट्रेन में रिजर्वेशन हो चुका है।

### आरोपी ने मोबाईल बंद कर दिया

4 जून को इमरान शेख टिकट, विजा लेकर डोंगरगढ़ आने वाला था, लेकिन इमरान अपना मोबाईल फोन स्वीच ऑफ कर दिया और डोंगरगढ़ नहीं आया, तब ठगी की आशंका होने पर 7 जून को रेलवे स्टेशन नागपुर गए, जहां मुम्बई जाने वाली दुरन्तु एक्सप्रेस ट्रेन का रिजर्वेशन चार्ट चेक किए। जिसमें नाम नहीं था। जिसके बाद प्रार्थीगण अलशुफा हज टूर कंपनी धुलिया में पता किए तो पता चला कि इमरान शेख वहां पैसा जमा नहीं किया है। आरोपी इमरान शेख निवासी नागपुर जिला नागपुर महाराष्ट्र ने कुल 14,73,500 रुपए ठगी किया है। रिपोर्ट पर धारा- 420 भादवि का अपराध दर्ज कर आरोपी को पकड़ने हेतु टीम तैयार कर टीम नागपुर भेजी गई।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी इमरान शेख 32 वर्ष निवासी पेंशन नगर पुलिस लाईन टाकली थाना गिट्टी खदान जिला नागपुर महाराष्ट्र को नागपुर से पकड़कर पूछताछ किया, जो प्रार्थीगण से हज ले जाने के नाम से रकम लेना स्वीकार किया व हज के काम में नुकसान होना तथा घर खर्च एवं अन्य उधारी में रुपए खर्च होना बताने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी के साथ विश्वासघात करने पर प्रकरण में धारा- 406 भादवि जोड़ी जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## प्लास्टिक बैग निषेध दिवस आज, जिले में जागरुकता के आयोजन का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सिंगल यूज प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध लगाने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान से लेकर चालानी कार्रवाई भी की गई, लेकिन शहर में प्लास्टिक के कैरी बैग का चलन बंद नहीं हुआ। प्लास्टिक कैरी बैग को प्रतिबंधित करने कुछ दिन के अभियान के बाद इसे भुला दिया गया और यह मुहिम महज खानापूर्ति बनकर रह गई।

आज भी बाजार में प्लास्टिक के कैरी बैग की भरमार है। सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग को लेकर प्रतिवर्ष तीन जुलाई को इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया जाता है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 के तहत एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं पर प्रतिबंध अधिसूचित किया था, जिसे 1 जुलाई 2022 से लागू कर दिया गया।

माना जा रहा था कि इस प्रतिबंध के लागू हो जाने से सिंगल यूज प्लास्टिक के कैरी बैग पूरी तरह से बंद हो जाएंगे, लेकिन इसके बावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध का कोई भी असर नजर नहीं आया है। लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक करने प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री-डे मनाया जाता है, लेकिन इस दिन जागरूकता के लिए कोई भी वृहद आयोजन नहीं होना चिंता का विषय है। प्लास्टिक के कचरे की वजह से इसका असर पर्यावरण पर साफ दिखाई देता है। नदिया दूषित हो रही है और समुद्र में लाखों टन प्लास्टिक का कचरा बड़े पैमाने पर प्लास्टिक के उपयोग की गवाही देता है। जागरूकता को लेकर सतत अभियान नहीं चलने की वजह से लोग सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने से नहीं कतराते हैं।

## कलेक्टर जनचौपाल में मकान तोड़े जाने की शिकायत

**राजनांदगांव।** जिले के छुरिया क्षेत्र निवासी साहू परिवार के लोगों ने कलेक्टर जनचौपाल में पहुंचकर तहसीलदार द्वारा झूठी शिकायत के आधार पर अपने मकान को तोड़े जाने के मामले में हर्जाने की मांग की है।

वनांचल क्षेत्र छुरिया के कुमर्रा छुरिया निवासी बिहारीलाल साहू ने अपने परिजनों के साथ कलेक्टर जनचौपाल में पहुंचकर तहसीलदार द्वारा अपने पक्के मकान को तोड़े जाने के मामले में हर्जाना दिए जाने की मांग करते हुए झूठी शिकायत करने वाले और गलत तरीके से मकान तोड़े जाने पर कार्रवाई की मांग की है। अपने ज्ञापन के माध्यम से बिहारीलाल और उनके परिजनों ने कहा कि लगभग 50 वर्षों से उनका परिवार उसी जगह पर निवासरत है। वर्ष 2015 में कच्चे मकान को उन्होंने पक्का बनाया था और रोजी-रोटी के लिए घर में ही वेल्डिंग दुकान बनाकर कार्य किया जाता था। उन्होंने कहा कि रात लगभग 7.30 बजे जेसीबी के माध्यम से उनके पक्के मकान को अवैध निर्माण बताते तोड़ दिया गया है। पीड़ित परिवार ने अपने ज्ञापन में कहा है कि मकान तोड़े जाने से घर में रखे 9-10 हजार रुपए, 20 क्विंटल लोहे का एंगल और वेल्डिंग मशीन सहित काफी सामान दब गया है। जिससे उन्हें लगभग 15 लाख रुपए की आर्थिक क्षति हुई है।

### अनशन की चेतावनी

कलेक्टर जनचौपाल के माध्यम से पीड़ितों ने कहा है कि जिस जगह पर उनका मकान बना था, वहां उनके पूर्वज निवास करते थे, जिसे उन्होंने बाद में पक्का बनाया था। गांव की एक व्यक्ति की झूठी शिकायत के आधार, जब उनका परिवार घर पर नहीं था, तब उनका मकान तोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके घर का पुनर्निर्माण कराया जाए और नुकसान की क्षतिपूर्ति दी जाए। वहीं भरपाई नहीं होने पर उन्होंने अपने परिवार सहित अनशन किए जाने की चेतावनी दी है।

## यादव समाज ने रखी 5 मांगें



**राजनांदगांव।** जिला कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव के पदाधिकारियों ने गत दिनों पूर्व सांसद व यादव समाज के मधुसूदन यादव के मार्गदर्शन व पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में रायपुर प्रवास पर पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास में सौजन्य मुलाकात की। साथ ही सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में अपने जिला के साथ-साथ प्रदेश स्तरीय प्रमुख 5 मांगों को रखते विस्तार से चर्चा की। चर्चा के दौरान डॉ. सिंह ने भी समाज हित में उचित समझते मंत्रिमंडल के बीच रखने की बात करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से साझा करने की बात कही। 5 मांगों में जिला मुख्यालय में सर्व सुविधायुक्त सामाजिक भवन के साथ समाज के निर्धन छात्रों के लिए आवासीय छात्रावास निर्माण, प्रदेश स्तर पर प्रमुख चार मांगों में छग के वनांचल क्षेत्रों में वर्षों से शासकीय भूमि में निवासरत यादवों की जमीन का शासन द्वारा पट्टा प्रदान कर भू-स्वामी का अधिकार, छग राज्य गौसेवा आयोग में अध्यक्ष का पद केवल यादव समाज के लिए आरक्षित करने, छग राज्य में यादव बंधुओ को 50 प्रतिशत की छूट पर स्वरोजगार हेतु शासन द्वारा ऋण प्रदान करने, गांव में सार्वजनिक रूप से गाय, भैंस, बकरी चराने वाले चरवाहा यादवों को चिन्हांकित कर उन्हें लोक सेवक मानते कोटवारों की भांति एक निश्चित मानदेय शासन द्वारा देने आदि। जिला पदाधिकारियों में पद्मश्री फुलबासन यादव, कार्तिकराम यादव, फगुवाराम यादव, राधेलाल यादव, शीलुराम यादव, महेश यादव, अनिल यादव, दुर्गाप्रसाद यादव, हरीश यादव आदि सौजन्य शामिल थे।

## सफाई का आयुक्त ने लिया जायजा




**राजनांदगांव।** निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज सुबह सफाई व्यवस्था देखने निकल कालोनी एवं जीई रोड में सफाई का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मचारियों से निर्धारित समय तक सम्पूर्ण क्षेत्र में साफ सफाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने साफ सफाई रखने, सफाई में सहयोग करने नागरिकों से भी अपील की है। आयुक्त गुप्ता सफाई निरीक्षण में आज जी.ई.रोड, अनुपम नगर, आर.के.नगर, दिग्विजय कालेज रोड में सफाई का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से रूबरू हो, निर्धारित समय दोपहर 1 बजे तक साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात में पानी भरान की स्थिति निर्मित होती है, जिसे ध्यान में रखकर नाली नालों की अच्छे से सफाई करें। कचरा नियमित रूप से उठावे, पानी भरान क्षेत्रों में कच्ची नाली खोदे तथा दवाई का छिडकाव करें, मच्छर न पनपे इसके लिए गड्ढों में जला आईल डाले। आयुक्त गुप्ता ने स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा, वार्ड चपरासी से कहा कि वर्तमान में सफाई ठेका निरस्त हो गई है। जिसके कारण ठेका वार्डो में साफ सफाई प्रभावित न हो इसके लिए निगम के सफाई कर्मी व प्लेसमेंट कर्मी सभी वार्डों में नियमित रूप से सफाई करेंगे। इस संबंध में आप लोग रूपरेखा तैयार कर कर्मचारियों से साफ सफाई कराएं। जिससे सम्पूर्ण क्षेत्रों में सफाई हो सके। सफाई ठेका होते तक सभी वार्डों में कर्मचारियों की पर्याप्त उपस्थिति रहे, बिना कारण किसी भी कर्मचारी को छुट्टी न दें। आयुक्त गुप्ता ने नागरिकों से भी अपील करते कहा कि बरसात के दिनों में संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका रहती है, जिसे ध्यान में रखते स्वच्छता अपनावे। डेंगू मलेरिया जैसे संक्रामक बीमारी से बचने घरों में पानी जमा न होने दें, पानी उबालकर छान कर पीये, सडे गले खाद पदार्थो का उपयोग न करे, अभी के विषम परिस्थिति में साफ सफाई में निगम को सहयोग करें।

### सेवानिवृत कर्मी के खाते से 1.12 लाख रुपए गायब

**भिलाई।** बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मी के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि सेवनिवृत्त कर्मी आत्माराम एसबीआई पद्मनगर भिलाई तीन के बैंक ने पीड़ित का एटीएम जारी किया। जिसे लेकर 2 जुलाई को एसबीआई एटीएम भिलाई 3 से पैसा निकाल रहा था। इस दौरान पीछे एक अज्ञात युवक खडा था, एटीएम से पैसा निकालने अपना एटीएम कार्ड को एटीएम मशीन में डाला। कोड दबाया उसके बाद भी मेरा रकम गायब हो गया।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9340751120, 9131330801
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता: रायपुर रोड, शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने, सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
COURSES
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

## खबर संक्षेप

### मक्के स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में धूमधाम के साथ शाला प्रवेश उत्सव नए छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर मनाया गया एवं शासन प्रशासन द्वारा प्रदत निःशुल्क पाठ्य पुस्तक व गणेश वितरण किया गया। वहीं प्रथम दिवस पर न्योता भोज शाला प्रबंधन समिति सदस्य जलेश साहू द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनोहर साहू, कुमार साहू, भोला साहू, नंदकिशोर साहू व संकुल समन्वयक श्री साहू, प्रधान पाठक अशोक पांडेय, प्रधान पाठिका एलविना विलसन, शिक्षक कपूर चंद्रवंशी, कौशल खांडे, युगल किशोर साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू उपस्थित थे। विद्यार्थियों को नए शिक्षा सत्र-2024-25 एवं उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी।

### जामुनपानी स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**हरिभूमि पंडरिया।** पण्डरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला जामुनपानी में बड़े धूमधाम के साथ शाला प्रवेश उत्सव सह न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों, पालकों एवं छात्र छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना करते हुए पूजा अर्चना की गई। उसके पश्चात नवप्रवेशी विद्यार्थियों को गुलाल व मीठा खिलाकर उनका फूल-माला से स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदायित निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इसी कड़ी में शाला के सभी छात्र छात्राओं का गुलाल से स्वागत कर उन्हें गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। शाला प्रधान पाठक शिवसिंह राज ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन शाला आने के लिए प्रेरित की गई। संकुल केंद्र बिरकोना के संकुल समन्वयक हमीद उल्ला खान ने छात्र छात्राओं को नियमित शाला आने एवं मन लगाकर पढ़ाई-लिखाई करने व अपने सपने को साकार करने के लिए प्रेरित किए। शिक्षक भुनेश्वर साहू ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है और इसे पाना हम सभी का अधिकार है, शिक्षा के बिना हम किसी के सफलता की कल्पना भी नहीं कर सकते। शिक्षा ही मंजिल तक पहुंचने के लिए रास्ता प्रशस्त करती है। कार्यक्रम में संकुल केंद्र बिरकोना के संकुल समन्वयक हमीद उल्ला खान, प्रधान पाठक शिवसिंह राज, शिक्षक भुनेश्वर साहू, एसएमसी सदस्यगण, पालकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थें साथ ही साथ शिक्षक, पालक एवं बच्चों द्वारा पौधरोपण किया गया।

### दामापुर बाजार में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**हरिभूमि दामापुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला दामापुर बाजार में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया व नव आगंतुक छात्र-छात्राओं का मिठाई व टीका लगाकर स्वागत किया गया। पंडरिया जनपद के सभापति अश्वनी यदु ने अपनें उद्बोधन में सभी छात्र छात्राओं को अपने जीवन में अनुशासन में रहने की बात कही वहीं अपनें देश के शहीद जवानों को याद करने व अपने बुजुर्गों का सम्मान करने की बात कही। वहीं सरपंच सफीक खान ने कहा कि विद्यार्थियों का खूब हौसला अफजाई किया छोटे-छोटे छात्र छात्राओं को स्वस्थ रहने का टीप दी वहीं अपनें माता-पिता व गुरुजन का सदैव सम्मान करने की बात कही। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान जनपद सदस्य अश्वनी यदु, सरपंच सफीक खान सांसद प्रतिनिधि नरेश साहू, पंच ललित साहू, फिरोज खान, प्रधान पाठक श्री रत्नाकर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं व ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

न्यायालय तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)
दैनिक समाचार पत्र में ईशतहार प्रकाशन
// ईशतहार //
रा.प्र.क्र. ............ बी -121 /2023-24
ग्राम-राम्हेपुर (लोरमी) प.ह.न. 28 तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)
एतद् सर्व साधारण ग्राम राम्हेपुर (लोरमी) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गीता साहू पति स्व. श्री मुन्नालाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम राम्हेपुर तहसील-लोरमी जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके पुत्र स्व. राजेश साहू आदिम जाति कल्याण विकास विभाग के अंतर्गत शासकीय अनु.जाति प्री. मैट्रिक छात्रावास किशुनगढ विकास खण्ड पण्डरिया जिला कबीरधाम में छात्रावास अधीक्षक के पद पर कार्यरत था। उनके पुत्र की दिनांक 26.04.2021 को कोविड 19 के कारण सेवा में रहते मृत्यु हो गयी थी, चुंकि आवेदिका के पति के निधन के पश्चात आवेदिका अपने पुत्र पर पूर्णतः आश्रित थी पुत्र के मृत्यु उपरांत आवेदिका जीवकोपर्जन के संकट से जुझ रही है। ज्ञात हो कि शासन द्वारा देय समस्त प्रकार के स्वत्वों जिसमे परिवारिक पेंशन भी सम्मिलित है कि प्राप्ति में शासन द्वारा आश्रित प्रमाण पत्र चाही गई है।
अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 15.07.24 समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय लोरमी मे अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जायेगा।
आज दिनांक 28/06/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

// आम सूचना//
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार उमेश चन्द्रवंशी आ. अर्जुन चन्द्रवंशी निवासी -कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) के हक व कब्जे की ग्राम-कवर्धा प.ह.न. 03 रा.नि.म.-कवर्धा तह, कवर्धा जिला - कबीरधाम छ.ग. उमेश चन्द्रवंशी के द्वारा श्री उमाशंकर आ. शिवराम से दिनांक 18/04/2023 को ग्राम-कवर्धा स्थित भूमि खसरा नं. 530/6, 531/ 6 एवं 532/9 रकबा 0.003 हे. भूमि पूर्व क्रेता श्री उमाशंकर आ. शिवराम ने खसरा नं.530/6, 531/6 एवं 532/9 रकबा 0.003 हे.भूमि रूपलाल एवं मोहितलाल आ. सुखराम से क्रय किया था उपरोक्त भूमि के विक्रय करते समय पूर्व विक्रेता श्री उमाशंकर आ. शिवराम ने उनके द्वारा दिनांक 12/01/07 के दस्तावेज को विक्रय करते समय श्री उमाशंकर आ. शिवराम ने मुझे उपरोक्त पंजीकृत बैनामा को दिनांक 18/04/23 को मुझे दे दिया था, उपरोक्त दस्तावेज मेरे से कहीं गुम हो गया है अत्यंत खोजबिन के पश्चात भी जब उपरोक्त दस्तावेज मुझे नही मिला,
कफी दिन तक खोजबीन करने के बाद भी उपरोक्त तीनों पंजीकृत बैनामा आज तक मुझे नही मिला, ऐसा लगता है कि साफ-सफाई के दौरान कचरे मे उपरोक्त दस्तावेज घर के बाहर कही फेका गया है, तब उपरोक्त दस्तावेज के गुम होने की सूचना दिनांक 02-07-2024 को थाना कवर्धा मे मेरे उपरोक्त पक्षकार के द्वारा किया गया है।
उपरोक्त भूमि पूर्व मे यदि क्रेता या विक्रेता के द्वारा किसी व्यक्ति वित्तीय संस्था या किसी साहूकार के समक्ष उपरोक्त भूमि को बंधक रखकर ऋण लिया गया हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भी भीतर अपना दावा एवं आपत्ति मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत कर सकते है उपरोक्त अवधि के पश्चात दावा आपत्ति शून्य एवं नाजायज माना जावेगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।
भवदीय
सुधीर पाण्डेय (अधिवक्ता)

## आयोजन : मॉडल हॉस्पिटल की कार्ययोजना पर विस्तृत परिचर्चा की गई : श्री शर्मा

# डिप्टी सीएम ने जिले के प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज स्थापना के संबंध में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने जिला हॉस्पिटल के सभाकक्ष में जिले के लिए ग्राम घोठिया में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज स्थापना एवं मॉडल हॉस्पिटल के कार्य योजना के लिए अधिकारियों की बैठक ली। प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज स्थापना एवं मॉडल हॉस्पिटल के कार्ययोजना पर विस्तृत परिचर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर जनमेजय महोबे, राज्य शासन के सीजीएमएससी के एमडी श्रीमती पदमनी भोई साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल एवं मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण के लिए तैयार की गई ड्राइंग-डिजाईनिंग नक्शा का अवलोकन किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान में जिला चिकित्सालय में 100 बिस्तरीय सेट-अप स्वीकृत है। उन्होंने कहा कि एमसीआई के मापदण्ड अनुसार मेडिकल कॉलेज के लिए 220 बिस्तरीय सेट-अप की आवश्यकता है। उन्होंनें सीएमएचओं को जिला चिकित्सालय के 100 बिस्तरीय सेट-अप को बढ़ाकर 220 बिस्तर करने के लिए संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ को प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होने जिला चिकित्सालय कबीरधाम अंतर्गत पूर्व में संचालित कोविड केयर हॉस्पिटल बिल्डिंग जो वर्तमान में आयुष पॉलिक्लिनिक के कार्यों में उपयोग किया जा रहा है। लेकिन 220 बिस्तरीय नवीन प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के अनुरूप चिकित्सा संबंधी सुविधा कार्यों एवं अन्य कार्यों की आवश्यकता होने पर उक्त बिल्डिंग एवं परिसर को उपयोग किया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए शासन को पत्र प्रेषित करने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया।

### उपमुख्यमंत्री ने सिविल सर्जन को मॉडल हॉस्पिटल प्रस्ताव में सम्मिलित करने निर्देशित किया



बैठक में जिला चिकित्सालय के चिकित्सा विशेषज्ञों एवं चिकित्सा अधिकारियों से चर्चा अनुसार विभिन्न चिकित्सा उपकरणों की आवश्यकता बताई गई। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सिविल सर्जन को मॉडल हॉस्पिटल प्रस्ताव में सम्मिलित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय में रेडियोलॉजी विभाग के लिए रेडियोलॉजिस्ट पीजीबॉन्ड की पदस्थापना के लिए संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने सीसीएचबी निर्माण के लिए स्थल चयन हेतु प्रबंध संचालक, सीजीएमएससी से चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में ऑक्सीजन प्लांट सर्विसिंग एवं मेंटनेंस के लिए प्रबंध संचालक, सीजीएमएससी से चर्चा की गई। जिस पर उनके द्वारा आगामी सप्ताह में टेंडर प्रक्रिया किए जाने उपरांत कार्य करने की जानकारी दी गई। उपमुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय कबीरधाम में उपलब्ध चिकित्सकीय उपकरण एवं अन्य उपकरणों का आवश्यकतानुसार एएमसी सीएमसी करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत समस्त केस का तुंरत रजिस्ट्रेशन कर ब्लॉक करने एवं लंबित केस को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकतानुसार कम्प्यूटर ऑपरेटर रखने, समस्त आपरेटर को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ केशव ध्रुव, डिप्टी डायरेक्टर अस्पताल प्रशासन डीएचएस, अधीक्षक अभियंता, सीजीएमएससी, नोडल अधिकारी मेडिकल कॉलेज सहित अन्य विभाग के अधिकारी गण उपस्थित थे।

## ग्रामीण किसान धान फसल की रोपाई कार्य में जुटे



■ खेती-किसानी कार्य ने पकड़ी रफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जैसे-जैसे धान की नर्सरी पौधे तैयार हो रहे हैं वैसे-वैसे धान फसल की रोपाई कार्य रफ्तार पकड़ी है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिला को कृषि प्रधान जिला कहा जाता है इन समय बादल छाए हुए हैं और रुक-रुककर हल्की तेज बारिश होने से धान फसल की रोपाई कार्य भी ग्रामीण क्षेत्रों में रफ्तार पकड़ने लगी है। ग्रामीणों किसानों ने बताया कि जहां कम बारिश हो रही हैं वहां ग्रामीण किसान मोटर-बोर पंप के सहारे धान फसल की रोपाई कार्य करने में जुटें हुए है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों मे इन दिनों धान फसल की रोपाई कार्य सें ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार अधिक संख्या में रोपाई कार्य कर रोजी-रोटी प्राप्त कर रहें है। जिसमें ग्रामीणो क्षेत्रों के ग्राम बरबसपुर, नाऊडीह, जेवड़न, सारंगपुर खुर्द में ग्रामीण किसान धान फसल की रोपाई कार्य में जुटें हुए है। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण किसान ट्रैक्टर व हल के माध्यम से खेतों की समतलीकरण की जा रही ताकि धान फसल की रोपाई कार्य कर अधिक से अधिक अच्छी धान फसल की पैदावार हों सकें।

# खेत में झुका बिजली खंभा तार से दुर्घटना की आशंका

## शिकवा-शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारियों की अनदेखी

■ झुका बिजली खंभा व तार से खेती किसानी में बाधा, ग्रामीण किसानों के सिर पर मंडरा रहा खतरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



कवर्धा जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम दौजरी स्थित है जहां ग्रामीण किसान सुशील चंद्रवंशी व पुरुषोत्तम चंद्रवंशी के दौजरी-सिंघनपुरी खार के बीचों बीच खेत पर इलेवन बिजली तार खंभा व तार गिर रहे हैं, जिनके कारण किसानों को कृषि कार्य करने मे खतरा की आशंका बना हुआ है। ग्रामीण किसान सुशील चंद्रवंशी ने बताया कि खेतों पर इलेवन बिजली तार व खंभा ऐसे कई दर्जनों से अधिक बिजली खंभा तार खेतों पर गिर रहे हैं और बिजली तार भी खेत पर गिर रहे हैं, जिनके कारण ग्रामीण किसानों के सिर पर खतरा मंडरा रहा है। वही दौजरी के ग्रामीण किसान साकेत चंद्रवंशी ने बताया कि बिजली विभागीय आधिकारियों को कई बार शिकवा-शिकायत के बाद भी सुधार व मरम्मत कार्य नहीं किया जा रहा है। वहीं बारिश व आंधी तुफान के चलते इलेवन बिजली तार व खंभा जमीन छू रहे हैं साथ ही साथ बिजली खंभे गिरनें की कगार में है। जिसके बाद भी विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण किसानों को भुगतना पड़ सकता है।

### सुधार व मरम्मत कार्य में रूचि नहीं

मिली जानकारी के अनुसार दौजरी-सिंघनपुरी खार के बीचों बीच बिजली तार व खंभा झुका व गिरने के कगार में है जिस पर ग्रामीण किसान सुशील चंद्रवंशी व पुरुषोत्तम चंद्रवंशी द्वारा जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को सुधार व मरम्मत कार्य की मांग कि गई लेकिन विभागीय अधिकारी व जिम्मेदार इस ओर रूचि नहीं दिखा रहें है। जिससे कभी भी छोटी बड़ी हादसा को न्योता दे रहा है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर किया स्मृति चिन्ह भेंट

# रजककार कल्याण बोर्ड का समाजसेवी व प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

रजककार कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कन्नौज रजक समाज सेवा समिति पंडरिया परिक्षेत्र में समाज सेवी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भुनेश्वर निर्मलकर सदस्य रजककार कल्याण बोर्ड, अध्यक्षता महाजन प्रसाद निर्मलकर, विशिष्ट अतिथि समाज के पदाअधिकारी नर्मदा प्रसाद निर्मलकर, जलेश्वर निर्मलकर, कुजराम निर्मलकर जिला अध्यक्ष, द्वारिक निर्मलकर परिक्षेत्र अध्यक्ष, पुरूषोत्तम निर्मलकर व जेठूराम निर्मलकर, नरेन्द्र निर्मलकर मुख्य रूप से शामिल हुए। रजककार कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित समाजसेवी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के इस आयोजन में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्हभेंट कर सम्मानित किया गया साथ ही साथ समाज के वरिष्ठ जनों का श्रीफल एवं गमछा भेंट आत्मीय सम्मान किया गया। साथ ही साथ समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने वाले समाज सेवाओं को भी इस कार्यक्रम के माध्यम से सम्मान किया गया साथ ही समाज के जनप्रतिनिधि जो समाज के गौरव हैं। उनका भी स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। भुनेश्वर निर्मलकर नें संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज में छुपे हुए प्रतिभावान व्यक्तित्व मंच प्रदान करना और रोजगार से जोड़कर रजक समाज को आगे बढ़ना, जिससे समाज का सर्वांगीण विकास हो। छत्तीसगढ़ सरकार का मंशा है की रजककार कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के माध्यम से समय-समय पर इस तरह के आयोजन के माध्यम से समाज में छुपी प्रतिभा को निखारने का काम होना चाहिए निश्चित रूप से यह कार्यक्रम एक प्रेरणा का विषय है। आने वाले समय में भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन कर समाज में छुपी प्रतिभा को निखारने का काम किया जाएगा जिसके लिए रजककार कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन प्रतिबद्धता से काम करेगी समाज के युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास करेगी। इस दौरान आसपास क्षेत्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें। कार्यक्रम का सफल संचालन कुमार रजक परिक्षेत्र सचिव ने किया।



## कंझेटा में भावी शिक्षकों की परीक्षा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 30 जून को डीएलएड की प्रवेश परीक्षा का आयोजन संध्या पाली में किया गया। जिसमे पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा को परीक्षा केंद्र बनाया गया। केंद्राध्यक्ष संजय वैष्णव ने बताया कि भारत भूषण शर्मा और मनोज वैष्णव को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया था, केंद्र में कुल 100 परीक्षार्थी की बैठक व्यवस्था थी जिसमें से 53 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्र में सुव्यवस्थित और शांति पूर्ण परीक्षा का संचालन हुआ। परीक्षा संचालन में मोहन शर्मा, श्री मरावी, होमेंद्र शर्मा, अर्जुन, गंगेश्वर, हेमंत, ताम्रकार का विशेष सहयोग रहा।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप



### मजगांव स्कूल में पढ़ाई तिहार का आयोजन

**कवर्धा।** अंगना म शिक्षा के अंतर्गत पढाई तिहार का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला मजगांव, संकुल दैहानडीह विकासखंड सहसपुर लोहारा में किया गया। सत्र- 2024 -25 में कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों के माताओं को आमंत्रित किया गया। प्रधान पाठक विजय कुमार लंझियाना द्वारा उपस्थित बच्चों के माताओं का अभिवादन किया गया। बच्चों के माताओं को घर पर भाषा विकास के अंतर्गत पढ़ने एवं गणित की पूर्व तैयारी संख्या पहचान, रंगों का पहचान कराना एवं घर में उपलब्ध वस्तुओं से बच्चों को ज्ञान कराने हेतु प्रेरित किया गया। अंगना म शिक्षा प्रभारी शंकर लाल सोनी के द्वारा बच्चों को टेढ़ी मेढी रेखा पर चलना,रंग पहचान, वस्तुओं को क्रम में लगाना आदि गतिविधि कराया गया। गुनूराम चंद्रवंशी द्वारा सभी माताओं का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में ईश्वरी पटेल चेतन पटेल रेखा पटेल गायत्री संगीता संभल पटेल अश्वनी पटेल, लीला पटेल, चंद्रकली, लता पटेल, अमेरिका उपस्थित थे।

### कोषालय में पेपरलेस व्यवस्था लागू

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में कवर्धा कोषालय में पेपरलेस व्यवस्था 01 जुलाई 2024 से लागू हो गया है। ई-बिल की व्यवस्था न सिर्फ मासिक वेतन के लिए भुगतान के लिए बल्कि मेडिकल कैल्म, टीए कैल्म सहित सभी प्रकार के बिलो को अब ई-बिल के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही महालेखाकार को भी लेखे, म.लेखे के माध्यम से ऑनलाइन भेजना होगा। नई व्यवस्था से पेंशन सहित विभागीय भुगतान के अन्य प्रक्रियाओं में तेजी आएगी।

**अनदेखी:** सत्ता बदली मगर सुराज नहीं आया, वनांचल में सिस्टम का रवैया यथावत

# आखिर कब सीधी होगी व्यवस्था की पूंछ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

सत्ता परिवर्तन के बाद प्रदेश में जहां भाजपा की विष्णुदेव सरकार अपने घोषणा पत्र में किए गए तमाम वायदों को पूरा करने में खरी उतरती दिखाई दे रही है वहीं कबीरधाम जिले के ग्रामीण और वनांचलों में बदहाल नोकरशाही के चलते न तो यहां के रहने वाले ग्रामीणों और वनवासियों को अपने रोजमर्रा की मूलभूत समस्याओं के समाधान में कोई राहत मिल पा रही है और न ही उन्हें कहीं सुराज दिखाई दे रहा है। जिले की सबसे बड़ी तहसील पंडरिया अंतर्गत आने वाले वनवासी अंचल के लोगों की मानें तो व्यवस्था में व्याप्त भर्राशाही और गैरजिम्मेदारी के चलते कहीं कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है।

बताया जाता है कि राजस्व विभाग में पटवारी और राजस्व निरीक्षक किसानों के भाग्यविधाता बने हुए हैं। कुकदुर उप तहसील अंतर्गत वनांचल के अधिकांश पटवारी अपने हल्का मुख्यालय में बैठते ही नहीं अक्सर अन्य विभागीय कार्य का कारण बताकर गायब रहते हैं। यह भी पता चला है कि कुछ पटवारी तो सीधे जिला मुख्यालय में ही निवास करते हैं और यदा कदा चारपहिया वाहन से अपने हल्का क्षेत्र में एक दो घण्टों के लिए इस तरह आते हैं जैसे जिलाधिकारी का दौरा हो। अब ऐसे वीआईपी पटवारी से कितने ग्रामीण अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

लोगों को जमीन सम्बन्धी छोटे से छोटे काम के लिए ही बेवजह भटकाया जाता है। सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों अतिवृष्टि से हुई चने की फसल नुकसानी का आंकलन भी मौके पर जाकर करने की बजाय घर बैठे कर लिया गया।

### वन विभाग के निर्माण कार्य जंगल में मोर नाचा, किसने देखा की तर्ज पर



वन विभाग में अपने मुख्यालय से गायब रहने के अलावा वर्षो से एक ही स्थान पर अंगद के पैर की तरह जमे वनकर्मियों के चलते वनभूमि पर अतिक्रमण के अलावा अवैध वन विनाश और विभागीय निर्माण तथा विकास कार्यों में जम कर भर्राशाही बदस्तूर चल रही है! वनकर्मियों की रुचि वनों की सुरक्षा और उनके संवर्द्धन से ज्यादा अब लाखों रुपए की स्वीकृति से होने वाले निर्माण और विकास कार्यों में ज्यादा दिखाई देती है। सुदूर वनक्षेत्रों में ऐसे तमाम कार्य जंगल मे मोर नाचा किसी ने देखा, किसी ने नहीं की तर्ज पर होते हैं। गौरतलब है कि पिछली सरकार के दौरान भी वनविभाग द्वारा पंडरिया क्षेत्र में कराए गए कई निर्माण एवं विकास कार्यों में भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। मजे की बात यह कि विभाग में हो रहे अथवा हुए भ्रष्टाचार की खबरें लगातार मीडिया की सुर्खियों छाए रहने के बावजूद न तो कोई जांच हुई और न ही किसी पर कार्यवाही की गई।

### सिस्टम पर उंगली उठाने वाले अब बन बैठे सिस्टम का हिस्सा

लोगों को उम्मीद तो ये थी कि प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद जिले में एक ही स्थान पर कुंडली मार कर बैठे तमाम बड़े अधिकारियों से लेकर निचले स्तर के कर्मचारियों को बदला जाएगा। जिससे नौकरशाही में नवीनीकरण के साथ उसके ढर्रे में भी बदलाव होगा और एक सक्रिय तथा जिम्मेदार सिस्टम के जरिए आम जन को उसके दैनन्दिन के जीवन की मूलभूत समस्याओं का समाधान पाने में परेशानी नहीं होगी, पर ऐसा हुआ नहीं सिस्टम वही रहा बस, सिस्टम को सेटिंग करने वाले बदल गए। चुनाव के पहले जो लोग आम जन के खैरख्वाह बन कर व्यवस्था को कोस रहे थे वे अब उसी व्यवस्था के मित्र बन गए वहीं दूसरी ओर जिनकी पहले सिस्टम के साथ सेटिंग थी अब वे सत्ता से बाहर होने के बाद उसी सिस्टम पर उंगली उठाने लगे। चुनाव के बादआयाराम और गयाराम की भूमिका भले ही बदल गई लेकिन न तो व्यवस्था में बदलाव आया और न ही व्यवस्था की कुर्सियों पर बैठी कठपुतलियों को बदला गया। इसे विडंबना ही कहेंगे कि आया गया के इस चुनावी खेल में तथाकथित जनसेवक और जनता के नौकर कहे जाने वाले जहां मौज करते हैं वहीं इनसे अपने लिए अच्छे दिनों की उम्मीद करने वाली जनता हर बार अपने आपको ठगा हुआ महसूस करती है।

### ग्राम पंचायतों में पंच और सरपंच प्रतिनिधियों का बोलबाला

इसी तरह ग्राम पंचायतों द्वारा कराए जाने वाले निर्माण एवं विकास कार्यों में भी जिस तरह से गुणवत्ता और निर्धारित मापदंडों को बलाए ताक पर रख सरकारी धन में भ्रस्टाचार कर बंदरबांट का खेल चल रहा है वह किसी से छिपा नहीं है। प्रायः ग्रामपंचायतों के प्रत्येक फैसलों और निर्माण कार्यों में सभी जगह पंचपति अथवा सरपंच पतियों का हस्तक्षेप तथा बोलबाला दिखाई देता है।

### गांव-गांव में जमकर बिक रही है सरकारी अवैध शराब

इस पूरे अंचल में अवैध शराब का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। ऐसा लगता है जैसे अंचल में शराब बनाने और बेचने को अघोषित रूप से अधिकृत कर दिए गया हो। दूसरी ओर पीने वाले बेवड़े भी शराब पीकर हुल्लड़ करने और नशे में धुत होकर वाहन चलाने को अपना मूल अधिकार समझ रहे हैं! आश्चर्यजनक बात तो यह है कि इन सारी अनियमितताओं की खबरें लगातार शोसल मीडिया से लेकर अखबारों की सुर्खियों में छाई रहती हैं मगर कोई कठोर कार्यवाही नहीं होती। जिससे इन आरोपों को ही बल मिलता है कि सरकार किसी की भी बन जाए लेकिन सिस्टम की पूंछ सीधी नहीं हो सकती।

# भाजयुमो ने फूंका सांसद राहुल गांधी का पुतला

## हिन्दू समाज पर दिए बयान पर दर्ज कराई आपत्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदू समाज को लेकर दिए गए बयान के विरोध में मंगलवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने कहा कि संसद में कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर फिरोज खान के पोता राहुल गांधी को हिंदू समाज से नाक रगड़कर माफी मांगनी चाहिए और कांग्रेस पार्टी में कार्य कर रहे हिंदू नेताओं को सोचना चाहिए और अपने दिशाहीन बढ़ बोले नेता राहुल गांधी को समझाएं कि वह हिंदू समाज से माफी मांगे।

जिला अध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि गर्व से कहो हम हिंदू है। भारत देश में सनातन धर्म था, सनातन धर्म है और सनातन धर्म रहेगा। जिस प्रकार राहुल गांधी ने हिंदू समाज को देश के मंदिर सामान संसद में हिंसा करने वाला समाज बोला जो की बहुत ही निंदनीय है इसके लिए राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर भाजेपा मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नपा अध्यक्ष मनहरण कौशिक प्रदेश मंत्री ठाकुर पीयूष सिंह जिला मंत्री सुरेश दुबे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खिलेश्वर साहू रवि राजपूत अशोक चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, मनोज वैष्णव मिथलेश बंजारे जिला मंत्री हेमचंद चंद्रवंशी अरविंद वर्मा रामविलास चंद्रवंशी मिडिया प्रभारी योगेश ठाकरे मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, यशवंत साहू अमित चंद्रवंशी सुदर्शन कुंभकार मीनू साहू दुर्गेश दुबे रमाकांत चन्द्रवंशी, योगेश महाजन मुकेश सेन दीपक सोनू सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गांजा तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार 4.950 किलो ग्राम गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में इन दिनो गांजा तस्करों की सक्रियता बढ़ गई और वे लगातार गांजा तस्करी कर रहे हैं। माना जाता है कि वर्षाकाल में गांजा की नई फसल तैयार की जाती है जिसे देखते हुए गांजा के अवैध कारोबार से जुड़े कारोबारी अपने पुराने स्टाक को कम दामों में निकाल देते हैं यहीं वजह है कि ज्यादातर गांजा तस्कर इसी सीजन में थोक व्यापारियों से फुटकर में कम दामों में गांजा की खरीदी कर अधिक से अधिक मुनाफा कमाने की जुगत में रहते हैं। हालांकि जिला पुलिस प्रशासन इन गांजा तस्करों पर नगर रखे हुए और लगातार इन गांजा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। ताजा मामले में कवर्धा कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में गांजा भी जप्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को कवर्धा कोतवाली पुलिस को मुखबीर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी की दो युवकों द्वारा कोतवाली क्षेत्र के सरोधा बांध तिराहा के पास लालपुर रोड़ में गांजा की तस्करी की जा रही है। इस सूचना के बाद कवर्धा कोतवाली की टीम ने मौके पर दबिस देकर गांजा तस्करी करते आरोपी डंकेश्वर साहू तथा अरूण साहू को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 4.950 किलो ग्राम गांजा जप्त किया है। जिसका बाजार मूल्य करीब 2 लाख 10 हजार रूपए आंका गया हैं। पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की है।



### कार्यक्रम आयोजित कर तीन नए कानून की जानकारी जेल स्टॉफ एवं बंदियों को दी गई



**कवर्धा।** तीन नए न्याय संहिता कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में जिला जेल कबीरधाम के जेल अधिकारी, कर्मचारियों, बंदियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के निर्देश एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल कुमार ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम में पांच पुराने प्रावधानों को निरस्त कर, 23 प्रावधानों में बदलाव करते हुए एक नए प्रावधान को जोड़ा जाना बताते हुए इलेक्ट्रानिक एवं डिजिटल साक्ष्य को ग्राह्य किए जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि अब साक्ष्य के लिए पुलिस द्वारा घटना स्थल एवं जब्ती कार्यवाही की वीडियोग्राफी अनिवार्य किया गया है। वहीं जिले के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव द्वारा नए नागरिक सुरक्षा संहिता में सीआरपीसी के 09 प्रावधानों को समाप्त कर, 107 प्रावधानों में बदलाव कर, 09 नए प्रावधान भी जोड़े जाने की बात कहकर उक्त प्रावधानों में नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा को महत्व देना बताया गया। उन्होंने बताया कि नए कानूनों का लक्ष्य पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना है। इसी क्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीनिवास तिवारी द्वारा गिरफ्तार व्यक्तियों के संबंध में बताया कि अब कोई भी गिरफ्तार व्यक्ति अपनी गिर्फतारी की सूचना अपने किसी पंसद के व्यक्ति को दे सकते हैं। गिरफ्तार व्यक्ति को 24 घंटे के भीतर कोर्ट के सामने पेश करना होगा। नए कानून में सजा के कुछ प्रावधानों में समाजिक सरोकार को भी शामिल किया गया है। जिला जेल में आयोजित इस कार्यक्रम में जेलर राजेन्द्र कुमार बंजारे के साथ ही जेल स्टॉफ एवं पीएलव्ही मौजूद थे।

# शिक्षा विभाग में पदोन्नति पहले हो बाद में युक्तियुक्तकरण: फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



सेवा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 के अनुसार सभी शिक्षक संवर्ग के पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही करना विद्यार्थी हित में है। मार्च 2020 के स्थिति में प्राचार्य के 2820 पद रिक्त थे। सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप आंकड़ा और अधिक हो गया है। टी-संवर्ग में 2013 एवं ई-संवर्ग में 2016 से प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुआ है। तकरीबन यही हाल व्याख्याता के रिक्त रहे 9622 पदों का है। जो कि सेवानिवृत्ति के कारण और अधिक हो गया है। प्रधानपाठक मिडल स्कूल के 5715, शिक्षक के 15969 एवं प्रधानपाठक प्राथमिक शाला के 20678 रिक्त पदों पर कमोबेश यही स्थिति है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिला अध्यक्ष कबीरधाम प्रमोद शुक्ला ने जारी बयान में कहा कि अध्ययन एवं अध्यापन की गुणवत्ता के लिए प्राथमिक,माध्यमिक,हाई तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में कक्षावार दर्ज संख्या के अनुसार विषय शिक्षकों की पदस्थापना आवश्यक है। अतः शिक्षक संवर्ग के रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा भरे जाने के बाद ही युक्तियुक्तकरण करना उचित होगा। उन्होंने बताया कि पदोन्नति के पश्चात ही शालावार अतिशेष शिक्षकों की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना चाहिए। अन्यथा अनेक विद्यालय विषय शिक्षक/शिक्षक विहीन हो जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में 5 कक्षा एवं 4 विषय, पूर्व माध्यमिक में 3 कक्षा एवं 6 विषय, हाई स्कूल में 2 कक्षा एवं 6 विषय तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त कॉमर्स संकाय के 3 विषय,कला संकाय के 3 विषय, गणित/बायलॉजी के 3 विषय के 5 कक्षाओं में अध्यापन होता है। जोकि संकाय अनुसार न्यूनतम है। कक्षाओं की संख्या दर्ज संख्या पर निर्भर होता है। फेडरेशन का कहना है कि छात्रहित के दृष्टिगत स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों का निर्धारण पदोन्नति से पदस्थापना करने के बाद किया जाना चाहिए। पहले पदोन्नति फिर युक्तियुक्तकरण का नीति निर्धारण होना शिक्षक एवं शिक्षार्थी हित में होगा।

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने नए कानून के प्रसार-प्रचार के लिए रवाना किया जागरुकता रथ



**कवर्धा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सहसपुर लोहारा के नवीन पुलिस थाना भवन परिसर से तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनसएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के प्रसार-प्रचार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने गत दिनो कबीरधाम जिले के एक दिवसीय प्रवास पर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कानूनों का उद्देश्य क्षेत्र की सुरक्षा, विकास और सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करना है। जागरूकता रथ के माध्यम से जनता को इन कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी, जिससे वे इनके लाभ और महत्व को समझ सकें। सरकार पूरी तरह से इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है और हमें उम्मीद है कि इनसे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव विशेष रूप से उपस्थित थे।

**मूल्यांकन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रवेली को मिले 86.43 प्रतिशत अंक**

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रवेली को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे के विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रवेली को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेट (एनक्यूएएस) मिला है। 01 और 02 मई 2024 को भारत सरकार के द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता डॉ. मौसम घोस एवं श्रीमती अकीला अंसारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रवेली का मूल्यांकन किया गया।

मूल्यांकन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रवेली को 86.43 प्रतिशत के साथ राष्ट्रीय स्तर पर एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्रदाय किया गया है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने इस उपलब्धि पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रवेली, स्वास्थ्य विभाग टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की 6 अलग-अलग विभागों में मुल्यांकन किया गया। जिसके अंतर्गत ओपीडी, आईपीडी, लैब, प्रसूती कक्ष, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, सामान्य प्रशासन आदि शामिल है। जिसके परिणाम स्वरूप भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नई दिल्ली के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रवेली को 86.43 प्रतिशत के साथ राष्ट्रीय स्तर पर एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्रदाय किया गया है।




उन्होंने बताया कि संस्था एवं कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों ने जिले एवं राज्य को गौरवांवित किया है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण पत्र मिलने से स्वास्थ्य विभाग की टीम में उत्साह का संचार हुआ है और वो क्षेत्र की जनता को इसी प्रकार निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते रहेगें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के निर्देशन में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद चंद्रवंशी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम) श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में तथा आरएमएनसीएचए सलाहकार डॉ. मुकुंद राव, सौरभ तिवारी (बीपीएम), सुरेन्द्र चंद्रवंशी (आरएमए) के सहयोग से तैयारी की गई स्वास्थ्य सेवाओं की 6 अलग-अलग विभागों में मूल्यांकन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी नितिन दुबे ने बताया कि इसके पूर्व कायाकल्प कार्यक्रम में उक्त स्वास्थ्य संस्था पुरूस्कृत हो चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के बताया की वर्तमान में जिले की कुल 08 स्वास्थ्य संस्थाएं एनक्यूएएस सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुकी है।

# सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में राहुल गांधी व अखिलेश यादव पर बोला जोरदार हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए मुखरता से अपनी बात रखी। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व सपा अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव पर जोरदार हमला बोला। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि जिस तरह से सोमवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में अपनी बात रखी। वहीं मंगलवार को अखिलेश यादव ने जिस तरह से शेर-शायरी से अपनी बात की शुरुआत की। इस पर सांसद संतोष पांडेय ने शायराना लहजे में ही उन्हें जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश जरा सा कुदरत ने नवाजा, आके बैठे हो फलसफे में। तुम्हारा लहजा बता रहा है तुम्हारी दौलत नई-नई है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए सांसद पांडेय ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को सदन में अपने भाषण के दौरान बार-बार भगवान शिव की तस्वीर दिखा रहे थे, उनको बताना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री, जो कांग्रेस के नेता हैं, महादेव के नाम पर सट्टा चला रहे थे। इसके चलते भगवान शंकर का नाम व छत्तीसगढ़ बदनाम हुआ है। इस पर राहुल गांधी जवाब देंगे। उन्होंने राहुल गांधी के भाषण का जिक्र करते हुए कहा, नेता प्रतिपक्ष ने हिंदुओं का अपमान किया। कल सदन में मर्यादा को तार-तार करने की कोशिश की गई। सांसद पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस सरकार ने पिछले दस साल में कई ऐसे कामों को पूरा करके दिखाया है जो असंभव लगते थे और सरकार आगे भी अनेक ऐसे काम पूरे करेगी। उन्होंने कहा कि कश्मीर में दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल चिनाव रेलवे ब्रिज इसका उदाहरण है। सांसद पांडेय ने आरोप लगाया कि विपक्ष के खून में गंदी राजनीति है। इन्होंने भारतीय कोविड टीकों का, सेंट्रल विस्टा के निर्माण का विरोध किया। कांग्रेस वाले केवल गरीबों की चर्चा करते रहे लेकिन मोदी सरकार ने गरीबों और अंत्योदय के लिए काम किया है।